रांची, मंगलवार, 27 अगस्त 2024
संवत 2081, भादपद कृष्ण 8 संवत मूल्य-2 रुपये
वर्ष-7, अंक 347 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



4 असीम अनंत आकाश
अनन्या पांडे की कॉल मी बे का ट्रेलर जारी 6


# वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो

## की बलिदानी भूमि संताल परगना की लाखों बहनों को

# खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना

# हर बहना को हर साल ₹ 12 हजार

**27 अगस्त, 2024 | पूर्वाह्न 11:30 बजे से**
**पंदन पहाड़ी मैदान, जामा, दुमका**

**संताल परगना** (गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

- 48 लाख से अधिक निबंधन
- अब तक 43 लाख से अधिक बहनों का आवेदन स्वीकृत
- 31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)
- सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR 333750(women,Child Development & Social Security)24-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

## न्यूज ब्रीफ

### सिविल कोर्ट के अधिवक्ता पर जानलेवा हमला

**रांचीः** रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गौरेश चंद्र झा पर जानलेवा हमला हुआ, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए । इस हमले के बाद उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गौरेश चंद्र झा का अपने मुहल्ले के कुछ व्यक्तियों के साथ विवाद हुआ था। इसी विवाद के चलते उन लोगों ने गौरेश पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गौरेश झा अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हाउसिंग कॉलोनी में रहते हैं। हमले की जानकारी मिलने के बाद अरगोड़ा थाना को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना के बाद रांची सिविल कोर्ट के वकीलों में भी आक्रोश है। वे न्याय की मांग कर रहे हैं। वकीलों ने घटना की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा की मांग की है और अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने की अपील की है ।

### डीएसपी नवनीत हेंब्रम ने पुलिस सेवा से दिया त्याग पत्र, विस चुनाव लड़ने की चर्चा

**रांचीः** जैप 9 साहेबगंज डीएसपी के पद पर पदस्थापित नवनीत हेंब्रम ने पुलिस सेवा से त्याग पत्र दे दिया है। जानकारी के मुताबिक, उनका त्याग पत्र अभी तक स्वीकार नहीं हुआ है। चर्चा है कि नवनीत हेंब्रम महेशपुर विधानसभा से चुनाव लडेंगे। गृह सचिव को भेजे गये त्यागपत्र में नवनीत हेंब्रम ने कहा है कि उनकी नियुक्ति 5 अप्रैल 2013 को हुई थी। पिछले कुछ महिनों से वह व्यक्तिगत और पारिवारिक समस्याओं की वजह से मानसिक तनाव से गुजर रहा हूं। ऐसे में वह अपने पद के दायित्व का सही से निर्वहन करने में असमर्थ हैं। इसलिए अपनी स्वेच्छा से वह डीएसपी के पद से त्यागपत्र दे रहे हैं। आगे लिखा कि पुलिस हस्तक नियम 808 के नियमों अनुसार, दो महीने पूर्व त्यागपत्र दे रहा हूं।

**सीएम को लिखा गया पत्रः** वहीं डीएसपी नवनीत हेंब्रम के त्याग पत्र के अनुरोध को स्वीकार करने के लिए सीएम को पत्र लिखा गया है। यह पत्र पाकुड जिले के झालो हांसदा नाम के व्यक्ति ने लिखा है। लिखे पत्र में कहा गया है कि डीएसपी नवनीत हेंब्रम पूर्व में पाकुड़ जिले में डीएसपी मुख्यालय और एसडीपीओ महेशपुर के रूप में पदस्थापित रहे हैं। इस बीच इनका ग्रामीणों के बीच अच्छी पैठ बन गयी है। आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में अपनी उम्मीदवारी महेशपुर विधानसभा में करने के लिए पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया है। इस अधिकारी को अभिलंब सेवा से मुक्त करने की कृपा करें।

### आजसू ने बेरोजगार युवाओं का बायोडाटा किया जमा




**रांचीः** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा के नेतृत्व में रांची राज्य पुस्तकालय में जा कर आगामी नव निर्माण संकल्प सभा हेतु बेरोजगार युवाओं का बायोडाटा लिया गया । राज्य सरकार को इस बायोडाटा के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराया जाएगा कि राज्य में कितने छात्र एवं युवा बेरोजगारी का झेल रहे है। वर्तमान की महागठबंधन वाली सरकार सबसे ज्यादा छात्रों को ठगा है बेरोजगारी भत्ता के नाम पर नौकरी के नाम पर वोट लेकर अपना वादा से मुकर गई । ये बायोडाटा संग्रह अभियान पूरे राज्य के विभिन्न कॉलेज, विश्वविद्यालय, लॉज, हॉस्टल लाइब्रेरी, प्रखंड पंचायत में चलेगी और फिर आगामी नव निर्माण संकल्प सभा के माध्यम से राज्य सरकार को सौंपने का काम आजसू करेगी इस अवसर पर युवा चेतन प्रकाश,अजीत कुमार, प्रियांशु सिन्हा जमाल गद्दी,सौरभ शर्मा,अरविंद सेठ, आनंद यादव,राजेश सिंह,बबलू मंडल ,सिंटू कुमार व अन्य उपस्थित थे।

### श्री श्याम मन्दिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से संपन्न



**रांचीः** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव अत्यन्त उत्साह के साथ भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया । इस अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया । रंग बिरंगे बैलूनों की कलामक्तक व विद्युत की रंगीन लड़ियों से रोशनी बिखेर रही थी साथ ही इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु का मनमोहक श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान हनुमान जी एवं शिव परिवार का भी विषेश श्रृंगार किया गया ।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियां भक्तों का मन मोह रही थी । मुख्य आकर्षण था रजत झूले पर मधुर मुस्कान के साथ विराजमान लड्डू गोपाल का दिव्य दर्शन , रजत झूले की कलात्मतक व सजावट को भक्तगण निहारकर धन्य हो रहे थे । रात्रि 8:30 बजे से ही भक्तों की अपार भीड़ मन्दिर पहुंचने शुरू गई तथा 9 बजे से श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारम्भ किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश चन्द्र सारस्वत,चन्द्र प्रकाश बागला , धीरज बंका,अशोक लाठ,प्रमोद बगड़िया, विकास पाड़िया, नितेश लाखोटिया, विवेक ढांढनीयां, अमित जलान,गौरव परसरामपुरिया , प्रियांश पोद्दार का सहयोग रहा ।

# आज सोच समझकर घर से निकलें, ऑटो और ई-रिक्शा वालो की है हड़ताल

मेट्रो रेज

**रांचीः** राजधानी रांची में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों ने 27 अगस्त से बेमियादी हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। इस हड़ताल की वजह है, ट्रैफिक पुलिस और आरटीए सचिव की ओर से तय किए गए नए रूट। चालकों का कहना है कि इन नए रूट से उन्हें काफी परेशानी होगी। दरअसल, रांची ट्रैफिक पुलिस और आरटीए सचिव ने शहर को चार जोन में बांट दिया है। इन जोन में ऑटो के लिए 17 और ई-रिक्शा के लिए 113 नए रूट तय किए गए हैं। ऑटो और ई-रिक्शा चालक इस फैसले से नाराज हैं और उनका कहना है कि ये रूट अव्यवहारिक हैं।

चालकों ने अपनी मांगों को लेकर कई बार अधिकारियों से बातचीत की कोशिश की, लेकिन कोई हल नहीं निकला। इसके बाद



सोमवार को रातू रोड से कचहरी चौक तक विरोध-प्रदर्शन किया गया, जिसमें आरटीए सचिव और ट्रैफिक एसपी का पुतला भी जलाया गया। प्रदर्शन के दौरान रांची जिला ऑटो चालक यूनियन के अध्यक्ष अर्जुन यादव ने कहा, 'कई बार अधिकारियों से वार्ता करने की कोशिश हुई, लेकिन जब बात नहीं बनी, तो हड़ताल के सिवाय कोई रास्ता नहीं था। मंगलवार सुबह 5:00 बजे से ही ऑटो का परिचालन शहर में बंद कर दिया जायेगा। जब तक मांगें नहीं मानी जाती हैं, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।' इस हड़ताल से स्कूली बच्चों को भी परेशानी हो सकती है। अर्जुन यादव ने बताया कि स्कूल ड्यूटी में लगे ऑटो भी हड़ताल में शामिल रहेंगे। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को स्कूल भेजने के लिए अपनी व्यवस्था खुद करें। हालांकि हड़ताल के दौरान आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी। बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाने वाले ऑटो और ई-रिक्शा हड़ताल में शामिल नहीं होंगे। साथ ही, मालवाहक ऑटो का परिचालन भी जारी रहेगा।

### आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने किया एलान

## 'राज्य में भाजपा के साथ मिलकर लड़ेंगे विधानसभा चुनाव'



**रांचीः** झारखंड विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) का गठबंधन एक साथ चुनाव लड़ेगा। आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने एलान करते हुए कहा कि- उनकी पार्टी भाजपा के साथ गठबंधन में राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। इससे पहले दोनों पार्टियों ने हालिया लोकसभा चुनाव में राज्य में एक साथ चुनाव लड़ा था, जिसमें भाजपा ने आठ और आजसू ने एक सीट पर जीत हासिल की थी। राज्य में फिलहाल झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस और राजद गठबंधन के तहत सत्ता में काबिज हैं।

**अमित शाह से मुलाकात के बाद किया एलानः** बता दें कि आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने पूर्व भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद इसका एलान किया है। सुदेश महतो ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी देते हुए लिखा, आज नई दिल्ली में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात हुई। इस अवसर पर झारखंड के विकास, वर्तमान राजनीतिक हालात और आगामी विधानसभा चुनाव से संबंधित विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा हुई। एनडीए सरकार झारखंड राज्य के लिए आवश्यक है और हम एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे।

**चंपई सोरेन एनडीए का हिस्सा बने तो अच्छा होगाः** वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात पर आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा, झारखंड के मौजूदा राजनीतिक हालात और राज्य सरकार ने राज्य को जिस स्थिति में पहुंचा दिया है, उस पर चर्चा हुई। यह तय हुआ है कि हम साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इस दौरान राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को लेकर पूछ गए सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर चंपई सोरेन एनडीए का हिस्सा बनते हैं तो यह अच्छा होगा।

## मल्हार, बरसात के मौसम का एक संगीतमय गीत



**रांचीः** संगीत शिक्षा अकादमी के सहयोग से एमएपीएस ग्लोबल फाउंडेशन, बरसात के मौसम के जादू का जश्न मनाने वाली एक मंत्रमुग्ध संगीतमय रात मल्हार प्रस्तुत करने के लिए रोमांचित था। यह मनमोहक कार्यक्रम क्लब हाउस, अशोक नगर, रांची में हुआ। अखौरी अनुप कुमार (संस्थापक, एमएपीएस ग्लोबल फाउंडेशन) और अमित सरकार (निदेशक, संगीत शिक्षा अकादमी) द्वारा संकल्पित, मल्हार , एक संगीतमय यात्रा है जो बरसात के मौसम से उत्पन्न विभिन्न मनोदशाओं और भावनाओं की पड़ताल करती है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया। बी। मिश्रा, आईआईटी दिल्ली से मैकेनिकल इंजीनियर और नवरत्न पीएसयू ओएनजीसी में कार्यरत। सेवानिवृत्ति के बाद वह सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। शाम को श्री अमित सरकार के छात्रों द्वारा भाव-विभोर करने वाली प्रस्तुति दी गई, जिन्होंने बारिश से प्रेरित क्लासिक और समकालीन गीतों और लोक धुनों की प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एमएपीएस ग्लोबल फाउंडेशन का उद्देश्य वंचित समुदायों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और आर्थिक अवसरों तक पहुंच प्रदान करके उनका उत्थान और सशक्त बनाना है, जिससे वे गरीबी के चक्र को तोड़ सकें और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सकें। मल्हार का मानना था कि संगीत में लोगों को एकजुट करने और उत्थान करने की शक्ति है, और वह शहर में संगीत प्रेमियों के साथ अविस्मरणीय अनुभव साझा करने के लिए उत्सुक थे।

## जमैतुल मोमिनीन ने पठान तंजीम की नयी टीम को दी बधाई



**रांची :** सामाजिक कार्यकर्ता और जमैतुल मोमिनीन के सदस्य मोहम्मद मुजम्मिल ने सभी पठान तंजीम के पदाधिकारीगण को जीत कि बधाई दी है । उन्होंने कहा कि अपने आसपास मोहल्ले वाले और टीम से जुड़े सभी लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। लोगों तक सरकारी योजनाओं से रूबरू कराना है ताकि उनको लाभ मिल सके । मोहम्मद मुजम्मिल के साथ बधाई देने वालों में मोहम्मद परवेज अंसारी, जावेद अख्तर,मोहम्मद अली, महफूज भाई,मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद शाहिद व अन्य ने जीत की बधाई दी है ।

## एक महामारी है भ्रष्टाचार , जिसका मिलकर करना होगा समाधानः डा. राजेश शुक्ला

**रांचीः** नेशनल एंटी करप्शन एंड आपरेशन कमिटी आफ इंडिया के तत्वावधान में मोरहाबादी स्थित संस्कार गार्डेन में आयोजित शपथ सह सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता कमिटी के उपाध्यक्ष बलवंत सिंह ने की एवं मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डा। राजेश शुक्ला तथा विशिष्ट अतिथि रियाडा के पूर्व अध्यक्ष जय सिंह यादव तथा सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो। इसलाम मुख्य रूप से भाग लिए। कार्यक्रम का उदघाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष डा। राजेश शुक्ला द्वारा दीप जलाकर किया गया एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलवंत सिंह को कमिटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जे।एन। मिश्रा द्वारा शपथ दिलाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने अपने सम्बोधन में कहा कि भ्रष्टाचार समाज के लिए एक महामारी की



तरह है जिसे हम सभी को एकजुट होकर इसे रोकना होगा। उन्होंने कमिटी के बारे में विस्तार से लोगों को जानकारी दी एवं संगठन के मूल उद्देश्य से लोगों को अवगत कराया साथ ही साथ संगठन के कारवां में लोगों से जुड़ने की अपील की। रियाडा के पूर्व अध्यक्ष जयसिंह यादव एवं सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो। इसलाम ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने सम्बोधन में नेशनल एंटी करप्शन एण्ड आपरेशन कमिटी आफ इंडिया संगठन की सराहना करते हुए इसके कारवां में शामिल तमाम लोगों को बधाई दी एवं कहा कि आज के दौर में समाज में फैल रही बुराई को रोकने एवं देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए इस तरह के संगठन की जरुरत है तथा भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाने में उन्होंने अपना पूर्ण सहयोग संगठन को देने की बात कही। संगठन के केन्द्रीय पदाधिकारी मनोज कुमार एवं राष्ट्रीय संगठन सचिव मयंक कुमार ने अपने सम्बोधन में संगठन को समाज की जरूरत के बारे बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस संगठन से जुड़ने की बात कही। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जे एन मिश्रा ने कहा कि समाज में फैल रही बुराई को रोकना, दलाली प्रथा को समाप्त करना तथा समाज को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना इस संगठन का मूल उद्देश्य है जिसे हम सभी को इसके खिलाफ मिलकर आवाज उठाने की जरूरत है। सुलोचना शहवेव ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के परिवेश में एसे संगठन की जरूरत है एवं हर सम्भव उनका पूर्ण सहयोग रहेगा। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलवंत सिंह ने कहा कि कमिटी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसे वे बखूबी निभाएंगे तथा झारखण्ड में पूरी मजबूती से संगठन का विस्तार कर अच्छे लोगों को जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में डा। अजय कुमार, गोविन्द सिंह, ओम सिंह, महाबीर ओहदार,रंजन यादव, अशरफ अंसारी, परवेज आलम, नौशाद आलम, मुमताज गद्दी, राफे हसन, मो। असलम आदी लोग उपथित थे।

### मुख्यमंत्री कल प्रमंडल स्तरीय झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में होंगे शामिल

# पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल में तैयारियों का लिया जायजा

**जिले के वरीय पदाधिकारियों ने सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था, पार्किंग, यातायात व्यवस्था की समीक्षा की, कार्यक्रम स्थल में तैयारियों को लेकर दिए जरूरी दिशा-निर्देश**

**सरायकेलाः** खरसावां जिला अंतर्गत गम्हरिया प्रखंड के फुटबॉल मैदान रापचा में 28 अगस्त को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगमन प्रस्तावित है। रापचा मैदान में आयोजित प्रमंडल स्तरीय झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिला दण्डाधिकारी - सह- उपायुक्त सरायकेला रवि शंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कु। लूणायत द्वारा उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम अनन्या मित्तल, उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम कुलदीप चौधरी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक पूर्वी सिंहभूम, पुलिस अधीक्षक पश्चिमी सिंहभूम समेत अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल



का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी अपने स्तर से तैयारी पूर्ण कर लें। निरीक्षण के दौरान विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने, सम्मानित जनप्रतिनिधियों व लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजलापूर्ति, शौचालय, मेडिकल टीम, एंबुलेंस की उपलब्धता,आवश्यक जगहों पर बैरिकेडिंग,आवश्यक सिनेज के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त करने की बात कही।

उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम में तीनों जिले के झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री द्वारा पहली किस्त जारी की जाएगी। मौके पर यातायात व्यवस्था, सभी जिले के वाहन पार्किंग, सड़क से कार्यक्रम स्थल तक आवागमन सभी आवश्यक तैयारियों को दुरुस्त करने का टास्क दिया गया। सुरक्षा एवम विधि व्यवस्था संधारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो इसे लेकर हर स्तर पर पदाधिकारियों को पुनर्समीक्षा का निर्देश दिया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। प्रमंडल के तीनों जिले से आने वाले लोगों की बड़ी संख्या को देखते हुए उनके आगमन और निकासी सुव्यवस्थित तरीके से हो यह सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम हेतु प्रयाप्त बल और दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, रूट चार्ट तथा अन्य जिले से आने वाले लोगों के आगमन के दौरान यातायात व्यवस्था सुगम बना रहे इसको लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

मौके पर उप विकास आयुक्त पूर्वी सिंहभूम मनीष कुमार, उप विकास आयुक्त पश्चिमी सिंहभूम, उप विकास आयुक्त सरायकेला प्रभात कु। बरदियार, सिटी एसपी पूर्वी सिंहभूम समेत विभिन्न विभाग के वरीय पदाधिकारी एवं सभी कार्यकारी एजेंसी के कार्यपालक अभियन्ता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।



# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

साध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 27 अगस्त 2024

संवत 2081, भादपद कृष्ण 8 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-7, अंक 347 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 असीम अनंत आकाश

अनन्या पांडे की कॉल मी बे का ट्रेलर जारी 6









# चंपाई सोरेन को मिली जेड प्लस सिक्योरिटी हेमंत मंत्रिमंडल से कल देंगे इस्तीफा

- बीजेपी में शामिल होंगे झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन
- दिल्ली में अमित शाह से की मुलाकात
- 30 अगस्त को रांची में लेंगे भाजपा की सदस्यता

**मेट्रो रेज**

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य के उच्च शिक्षा और जल संसाधन मंत्री चंपाई सोरेन ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद असम के सीएम और झारखंड भाजपा के विस चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि चंपाई ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और वह आधिकारिक तौर पर रांची में 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे। वहीं, अमित शाह से मुलाकात के बाद चंपाई को जेड प्लस सुरक्षा देने का निर्णय लिया गया है। झारखंड लौटने के बाद उन्हें नया सुरक्षा कवर दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार अमित शाह सितंबर के पहले सप्ताह चंपाई के गांव जिलिंगगोड़ा जाएंगे। यहां अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे।

वहीं, सीएम हेमंत सोरेन ने 29 अगस्त को कैबिनेट की बैठक बुलाई है। कहा जा रहा है कि 28 अगस्त को वह चाईबासा में मुख्यमंत्री मंईयां योजना की लाभुक महिलाओं को सम्मान राशि देंगे। उसी दिन चंपाई झामुमो की सदस्यता और हेमंत मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे देंगे।



## शिवाजी महाराज की 35 फीट ऊंची प्रतिमा ढही, नौसेना करेगी जांच



- ठेकेदार सहित दो पर एफआईआर, सरकार-विपक्ष में वार-पलटवार
- 8 माह पहले पीएम मोदी ने किया था अनावरण

**मुंबई:** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में पुलिस ने छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के मामले में ठेकेदार और संरचनात्मक सलाहकार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पिछले साल नौसेना दिवस (4 दिसंबर) पर सिंधुदुर्ग के मालवन तहसील में राजकोट किले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस प्रतिमा का अनावरण किया है। दरअसल, 17वीं सदी के मराठा छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची मूर्ति सोमवार को दोपहर करीब 1 बजे गिर गई थी। इसके कारणों की जांच की जा रही है। राज्य सरकार की काफी किरकिरीः इस घटना से एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की काफी किरकिरी हो रही है। विपक्षी दलों इसकी आलोचना कर रहा है। सीएम शिंदे ने कहा कि मूर्ति का डिजाइन और निर्माण भारतीय नौसेना ने किया था। अब लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एक सहायक अभियंता ने सोमवार शाम को मालवन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता के अनुसार, मूर्ति के गिरने के लिए कलाकार और सलाहकार जिम्मेदार हैं।

## यूपीः महिलाओं और बच्चों सहित 50 लोग अस्पताल में भर्ती, फूड पॉइजनिंग का संदेह

**मथुराः** जिले में महिलाओं और बच्चों सहित 50 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में महिलाओं और बच्चों समेत 50 से अधिक लोगों को कुट्टू के आटे से बने पकौड़े खाने के बाद संदिग्ध फूड पॉइजनिंग के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना सोमवार रात जन्माष्टमी उत्सव के दौरान की है।

सरकारी अस्पताल में भर्ती किशोरी प्रियंका ने बताया, हमने कल रात कुट्टू के आटे से बने पकौड़े खाए। इसके बाद मुझे उल्टी होने लगी और पेट में जलन महसूस हुई। एक मरीज के साथ आए परखम गांव के निवासी परखम सिंह ने बताया कि पकौड़े खाने के बाद लोगों को चक्कर आने, उल्टी और कंपकंपी की शिकायत होने लगी। उन्होंने कहा, कुट्टू का आटा गांव की एक स्थानीय दुकान से खरीदा गया था। उन्होंने कहा कि मेरे गांव के करीब 50 लोग बीमार पड़ गए हैं।

गांव के एक अन्य निवासी महेश ने बताया, मेरी पत्नी खड़ी नहीं हो पा रही है, वह बहुत कमजोर हो गई है, लगभग बेहोश हो गई है। अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि उल्टी और बेचैनी की शिकायत के साथ करीब 29 मरीज रात 1 बजे भर्ती हुए। डॉक्टर ने बताया, मुझे बताया गया है कि कुछ अन्य मरीजों को अलग-अलग अस्पतालों में ले जाया गया है। भर्ती हुए सभी लोगों का इलाज चल रहा है, उनकी हालत स्थिर है और सुधार हो रहा है।

## के कविता को सुप्रीम राहत, आबकारी नीति मामले में मिली बेल



**नई दिल्लीः** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बीआरएस नेता व विधायक के कविता की जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने आज उन्हें राहत देते हुए जमानत दे दी है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और ईडी से सवाल किए हैं। बता दें कि के कविता को 15 मार्च को हिरासत में लिया गया था। बता दें कि दिल्ली हाई कोर्ट ने कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद आज सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को पलट दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने के कविता को 10 लाख रुपये के मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने उन्हें गवाहों को प्रभावित नहीं करने और सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करने का निर्देश दिया है।

### विधानसभा चुनाव से पहले यशवंत सिन्हा का बड़ा दांव

## अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर बनायेंगे नयी पार्टी

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** राज्य में विस चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है। इन सब के बीच पूर्व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने भी बड़ी चुनावी दांव खलने की तैयारी कर दी है। यशवंत सिन्हा ने नई राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान किया है। यशवंत सिन्हा की अगुवाई में गठित होने वाली पार्टी का नाम भी पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर ही होगा। यह कदम आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सिन्हा के बेटे जयंत सिन्हा को टिकट नहीं देने के भाजपा के फैसले के मद्देनजर उठाया गया है। इसके बजाय, पार्टी ने विधायक मनीष जयसवाल को हजारीबाग सीट के लिए उम्मीदवार के रूप में चुना, जिससे जयंत सिन्हा के समर्थकों में असंतोष फैल गया।



**शिवराज सिंह चौहान बोले- हेमंत सोरेन ने झारखंड को अराजकता में धकेला :** जयंत सिन्हा को नामांकित नहीं करने के फैसले से यशवंत सिन्हा की भविष्य की राजनीतिक योजनाओं के बारे में अटकलें तेज हो गईं। अटल विचार मंच के गठन को इन घटनाक्रमों की रणनीतिक प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है। उम्मीद है कि नई पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लक्ष्य के साथ चुनाव लड़ेगी। सोमवार को दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले सिन्हा ने संवाददाताओं से कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के साथ परामर्श करने के बाद, अटल विचार मंच (एवीएम) गठित करने पर अंतिम निर्णय शीघ्र लिया जाएगा। रविवार की बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र कुमार सिन्हा ने की, जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य हैं। वह (सुरेंद्र) भाजपा के पूर्व सांसद जयंत सिन्हा के (सांसद) प्रतिनिधि रह चुके हैं। बैठक में जयंत और उनके पिता यशवंत सिन्हा, दोनों के समर्थकों ने हिस्सा लिया। वाजपेयी सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे यशवंत सिन्हा ने 1998, 1999 और 2009 में हजारीबाग लोकसभा सीट जीती थी। साल 2004 के चुनाव में वह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के उम्मीदवार भुवनेश्वर मेहता से हार गए थे।

## बिहार-झारखंड में भूकंप के झटकों से कांपे लोग

**पाकुड़ः** झारखंड के संताल परगना में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। बताया जा रहा है कि पाकुड़ में 3.9 की तीव्रता का भूकंप रात के 12 बजकर 39 मिनट 37 सेकेंड पर आया। किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप के झटकों से डरे लोग घरों से बाहर निकल आए। हालांकि भूकंप के ये झटके बहुत जोरदार नहीं थे। सिर्फ एक ही झटका आया और फिर माहौल शांत हो गया। इसके बाद लोग घरों में वापस चले गए। बताया गया है कि भूकंप का केंद्र पाकुड़ में ही था। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था पाकुड़ में भूकंप का असर दुमका में भीः देवघर, दुमका,पाकुड़ समेत संथाल परगना के कई इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। लोगों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। सबसे अधिक झटका देवघर में महसूस किया गया। यहां बड़ी संख्या में लोगों ने जानकारी दी कि बहुत तेज आवाज के साथ धरती हिली। बिहार के भागलपुर में भी असरः इस भूकंप का असर बिहार में भी दिखा। यहां भी रात में ठीक उसी वक्त भूकंप के झटके महसूस किए गए। भागलपुर के कुछ लोगों ने कहा कि वो जन्माष्टमी की रात सोने की तैयारी कर ही रहे थे कि अचानक से धरती हिली। वहीं इस भूकंप की क्षमता रिक्टर स्केल पर 4.5 मापी गई। सोमवार की देर रात जन्माष्टमी पूजा के बाद लोग सोने की तैयारी में लगे हुए थे।

### गुमला में उग्रवादियों का तांडव

# बसिया-सिसई सड़क निर्माण के लिए बने कैंप पर किया हमला, कर्मियों को पीटा, लेवी की मांग

**गुमला :** लंबे अरसे के बाद उग्रवादियों ने एक बार फिर गुमला जिले के बसिया में अपनी दस्तक दी है। बसिया व सिसई प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क निर्माण के लिए बनाये गये कैंप पर उग्रवादियों ने हमला किया है। कई गाड़ियों का शीशा तोड़ डाले गये। कैंप में सो रहे कर्मचारियों को पीटा गया है। घटना मंगलवार की सुबह चार साढ़े चार बजे के बीच की बतायी जा रही है। सड़क की लागत 60 करोड़ रुपए से अधिक की है। बताया जा रहा है कि अहले सुबह 10 से 12 की संख्या में हथियारबंद उग्रवादी आये थे। लेवी की मांग को लेकर सिसई व बसिया सड़क का निर्माण कार्य बंद करने की धमकी दी और कैंप में खड़ी गाड़ियों पर हमला कर दिया। उस वक्त कई कर्मचारी सो रहे थे। उग्रवादियों के पहुंचने के बाद सभी की नींद टूट गयी। इसके



बाद उग्रवादियों ने सभी कर्मचारियों को घेरकर पीटने लगे। छह कर्मचारियों को चोट लगी है। बाकी कर्मचारी उग्रवादी हमला सुनते ही कैंप से भाग खड़े हुए। अभी तक कई फरार कर्मचारी कैंप में वापस नहीं लौटे हैं।

यहां बता दें कि गुमला जिले के बसिया प्रखंड के पोकटा गांव के समीप विनोद जैन कंस्ट्रक्शन द्वारा पुल बनवाया जा रहा है। पुल का काम अधूरा है। सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने 40 लाख रुपये लेवी की मांग की थी। लेवी नहीं मिलने के बाद मंगलवार की सुबह नारेकेला जंगल की ओर से एक दर्जन उग्रवादी पुल निर्माण स्थल के समीप बने कैंप पर पहुंचे और हमला कर दिया। इधर, घटना की सूचना पर बसिया अनुमंडल के एसडीपीओ मो नजीर, इंस्पेक्टर व थानेदार घटना स्थल पहुंचे। फिलहाल घायल कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। सड़क निर्माण में लगे कर्मचारियों में दहशत का माहौल है।

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## पेंशन योजनाओं की राजनीति

**सरकारी** कर्मचारियों की पेंशन की राजनीति भी भिन्न है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में चुनाव घोषित हो चुके हैं और महाराष्ट्र, झारखंड में अगले माह चुनावों की घोषणा निश्चित है। चुनावों के मद्देनजर ही केंद्रीय कैबिनेट ने जिस यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को स्वीकृति दी है, उससे 23 लाख से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों को लाभ होगा। मोदी सरकार ने इस स्कीम को सुनिश्चित आर्थिक सुरक्षा करार दिया है। अलग-अलग श्रेणियों में जो पेंशन बनेगी, वह सुनिश्चित तौर पर सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी को मिलेगी। पेंशन के साथ महंगाई राहत को भी जोड़ा गया है। यदि राज्य सरकारें भी इस नई घोषित स्कीम से जुड़ना चाहती हैं, तो कुल 90 लाख के करीब कर्मचारी इसके दायरे में होंगे। यह स्कीम 1 अप्रैल, 2025 से लागू होगी। इससे पहले ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) थी, जिसमें संशोधन कर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) बनवाई थी। यह दीगर है कि केंद्र में सत्ता बदल गई, लेकिन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने एनपीएस को लागू किया। गौरतलब है कि चुनावी राजनीति के मद्देनजर ही केरल, राजस्थान, पंजाब, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और हिमाचल की सरकारों ने ओपीएस लागू करने की घोषणाएं की थीं। तब राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकारें थीं। अब भाजपा सरकारें हैं, लिहाजा राजनीति बदल गई है। महाराष्ट्र में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी की महायुति सरकार है। इधर केंद्र ने स्कीम की घोषणा की, उधर महायुति सरकार ने भी स्वीकृति दे दी। यह विशुद्ध राजनीति है। बहरहाल सवाल है कि नई पेंशन स्कीम क्यों घोषित की गई है? यूपीएस में ओपीएस और एनपीएस के तत्त्व भी शामिल हैं। यह दोनों पेंशन योजनाओं के बीच का रास्ता है। पेंशन में आर्थिक सुधार किए जा सकते थे। अब राजनीति के म्मद्देनजर असमंजस बने रहेंगे कि यूपीएस लागू करें या ओपीएस को लागू करने के प्रयास किए जाएं। बेशक यूपीएस की घोषणा से खासकर केंद्रीय कर्मचारी गदगद हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने सीधे ही उनके संगठनों के साथ विमर्श किया। उनके पक्ष और तर्क सुने गए। बेशक मोदी सरकार ने 2023 में, पेंशन सुधार के संदर्भ में ही, एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया था। उसने कई देशों की पेंशन-व्यवस्था का अध्ययन किया। विश्व बैंक की रपटें भी पढ़ीं। अंततः यूपीएस की व्यवस्था और उसकी विशेषताएं तय की जा सकीं। भारत 144 करोड़ की आबादी का देश है, जिसमें 65-70 करोड़ ही कामगार हैं। उनमें भी केंद्र और राज्य सरकारों के करीब 90 लाख कर्मचारी हैं, जो पेंशनधारक रहेंगे और उनकी मृत्यु के बाद पत्नी या पति को 60 फीसदी पेंशन मिलती रहेगी। यूपीएस का सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ पड़ना निश्चित है। खुद सरकार ने बताया है कि नई योजना से, पहले वर्ष में ही, 6250 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। जो कर्मचारी एनसीएस के दौर में, 2004 में, सेवानिवृत्त हुए थे, उनके एरियर भुगतान के लिए भी 800 करोड़ रुपए खर्च करने पड़ेंगे। केंद्र और राज्य सरकारों के बजट में पेंशन पर खर्च करने के लिए बड़ा हिस्सा आवंटित कर रखा है। 2023-24 में केंद्र और राज्य सरकारों ने पेंशन के लिए क्रमशः 2.3 लाख करोड़ रुपए और 5.2 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए थे। राज्यों और संघशासित क्षेत्रों के पेंशन के लिए बजट को इक्ा कर दिया जाए, तो 2023-24 में उनके राजस्व व्यय का अनुमानतः 12 फीसदी बनता है। यह छोटी पूंजी नहीं है। उप्र, केरल, हिमाचल के संदर्भ में यह पूंजी काफी ज्यादा है। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से बढ़ रही है, लेकिन यह इतनी भी नहीं है कि हम 2047 में विकसित भारत का सपना साकार कर सकें। अब यूपीएस में भारत सरकार 18.5 फीसदी का योगदान देगी, जबकि पहले यह हिस्सा 14 फीसदी का था। यह भी अतिरिक्त बोझ है। यह राशि पेंशन के तौर पर एक बहुत छोटे श्रम-बल पर खर्च की जानी है। पेंशन हमारी व्यवस्था की परंपरा रही है कि जिस कर्मचारी ने जीवन के 25-30 साल सरकार को दिए हैं, उसका बुढ़ापा सुनिश्चित होना चाहिए। यह अंजाम भी सरकार और देश को भुगतना पड़ेगा कि अन्य जनवादी योजनाओं के लिए बजट सिकुड़ने लगेगा।

## अक्षम्य अपराध

**महिलाओं** के खिलाफ अपराध को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अक्षम्य करार देते हुए दोषियों को न बख्शने की बात की। उनके इस बयान से आधी आबादी को जरूर हौसला मिला है। प्रधानमंत्री मोदी उत्तर महाराष्ट्र में जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने व देश के हर राज्य की महिलाओं के दर्द और गुस्से को समझते हैं। मोदी ने कहा , सरकारें आएंगी, जाएंगी पर सरकार और समाज दोनों के तौर पर महिलाओं के जीवन व सम्मान की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने महिलाओं को विश्वास दिलाया कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए उनकी सरकार राज्य सरकारों पर दबाव बना रही है। महाराष्ट्र के ही बदलापुर के स्कूल में हुए मासूम बच्चियों के यौन शोषण तथा कोलकाता की प्रशिक्षु चिकित्सक के बलात्कार व हत्या तथा उनके खिलाफ हुए विरोध- प्रदर्शनों के बाद वह सार्वजनिक तौर पर बोले। उधर डॉक्टर की हत्या के मामले में पूर्व प्राचार्य, उप प्राचार्य समेत 15 लोगों के ठिकानों पर सीबीआई ने फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम के साथ छापे मारे। जेल में बंद इस बलात्कार व हत्या के मुख्य आरोपी संजय राय का इस दरम्यान पॉलीग्राफ टेस्ट भी किया गया। इस टेस्ट के दौरान मशीनों व कंप्यूटर द्वारा आरोपी के झूठ बोलने को मापा जाता है। मासूम बच्चों व महिलाओं के खिलाफ बढरस्ते जा रहे यौन अपराधों को लेकर जन-मानस में बहुत गुस्सा है। वे त्वरित व सख्त सजाओं की मांग के साथ सड़कों पर उतर रहे हैं। बढ़ते जनाक्रोश को देखते हुए मोदी ने सख्ती से महिलाओं की सुरक्षा की बात उठाई। हालांकि सबसे बड़ी अदालत ने मारी गई चिकित्सक के मसले पर किसी तरह की राजनीति न करने के सख्त निर्देश दिए हैं परंतु प्रधानमंत्री ने अपनी संवेदनाएं किसी का नाम या घटना का जिक्र किए बगैर ही व्यक्त कीं। केंद्रीय गृह मंत्रालय भी महिलाओं/स्कूली बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राज्यों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। केवल बच्चों व महिलाओं के खिलाफ ही नहीं बल्कि सभी तरह के अपराधों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कहना उचित होगा कि राज्य सरकारें इन्हें अपनी प्राथमिकता में रखने से निरंतर कोताही कर रही हैं। शायद इसी वजह से अपराधियों का मन बढ़रस्ता है। यह जनता- जनार्दन का अपमान है। सुरक्षा- व्यवस्था को लेकर संबंधित विभागों को अधिक मुस्तैद बनाने और राज्य को अपराधमुक्त रखने की जिम्मेदारी से वे मुक्त नहीं रह सकतीं।

# असीम अनंत आकाश

हम इंसान क्या अकेले ही दूसरे ग्रह पर बसने जाएंगे? पृथ्वी पर मौजूद हमारे साथी जीव जंतुओं को क्या यहीं छोड़ जाएंगे? या बाइबल में वर्णित नोआह की नांव की कहानी जैसा कुछ सोचना होगा। इसमें बताया गया है कि पृथ्वी पर जलप्रलय के वक्त सभी प्रजातियों के एक-एक जोड़े को इस नांव में ले जाकर नई दुनिया बसाई गई थी। क्या उसी तरह, दूसरे ग्रह पर सभी प्राणियों को साथ ले जाकर एक नए जीवन की शुरूआत की जा सकेगी। जीवन चक्र तो सबसे मिलकर ही चलता है। खान-पान से लेकर कपड़ों और दूसरी कई जरूरतों के लिए हम जानवरों और अन्य जीवों पर ही निर्भर हैं। उनके बिना क्या नए ग्रहों पर जीवन की कल्पना की जा सकती है। ब्रह्मांड आज भी मनुष्य के लिए एक बहुत बड़ी गुत्थी है। इसमें करीब 10 हजार करोड़ आकाशगंगाएं हैं और सबके करीब 20 हजार करोड़ तारे। इसकी उत्पत्ति कैसे हुई और इसकी नियति क्या है, इसे जानने की जिज्ञासा में इंसान पूरी ताकत से जुटा हुआ है। लेकिन जब तक डार्क मैटर का रहस्य नहीं सुलझता तब तक कई प्रकाश वर्ष मील दूर तक अंधकार से भरा तारों से टिमटिमाता यह अनंत आकाश हमारे लिए बड़ी पहेली बना रहेगा।

**अक्षय शुक्ला**

भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में फंसे होने की खबरों के बीच इसरो ने अपने पहले मानव युक्त मिशन गगनयान के एस्ट्रोनॉट्स की तैयारियों का विडियो शेयर किया। ये एस्ट्रोनॉट्स यान के अंदर जैसी परिस्थितियों और अंतरिक्ष में आने वाली चुनौतियों की प्रैक्टिस एक जीरो ग्रैविटी वाले कैप्सूल में रहकर कर रहे हैं। अंतरिक्ष जाने वाले सभी लोगों को इस तरह की कठिन परिस्थितियों में लंबे समय तक जीने और समस्याओं को खुद सुलझाने की सख्त ट्रेनिंग दी जाती है। यही वजह है कि अपने साथी के साथ पिछले दो महीनों से स्पेस स्टेशन में फंसीं सुनीता हालात का सामना शांति से कर पा रही है। जिस स्टारलाइनर यान में वे गए थे उसमें खराबी के कारण उनकी वापसी टलती जा रही है। 2003 में भारतीय मूल की कल्पना चावला सहित सात एस्ट्रोनॉट्स को लेकर लौट रहे कोलंबिया यान हादसे के बाद नासा किसी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहता, इसलिए आठ दिन का मिशन आठ महीनों में तब्दील होता लग रहा है। ये घटनाएं बताती हैं कि अंतरिक्ष के रहस्यों को समझने की दिशा में लंबी छलांग लगाने के बावजूद जोखिम कम नहीं हुए हैं। लेकिन पृथ्वी के बाहर जीवन की खोज करनी है तो ऐसे खतरे उठाने ही होंगे। आज सूर्य से लेकर चंद्रमा और कई सुदूर ग्रहों तक मिशन भेजे जा रहे हैं। लेकिन सबसे दिलचस्प है मंगल ग्रह तक जाने वाला मानव युक्त मिशन। इसके लिए चार एस्ट्रोनॉट्स ने पूरे एक साल तक धरती पर ही एक कैप्सूल में बंद होकर उसी तरह के वातावरण को महसूस किया, जैसा इस लाल ग्रह पर होता है। फिलहाल यहां तक पहुंचने में नौ महीनों का वक्त लगता है इसीलिए अभी हमारे पास वन वे का ही प्लान है। यानी मार्स समेत जीवन की उम्मीद जहां-जहां की जा रही है, फिलहाल वहां तक जाने के बाद वापसी की राह आसान नहीं। वापसी पर बहुत फोकस भी न हो शायद क्योंकि यहां बसने की संभावना धरती पर जीवन की समाप्ति के बाद के लिए ही तलाशी जा रही है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि धरती की उम्र करीब 5 अरब वर्ष और बची है। सूर्य के अत्यधिक ताप से जब धरती पर जीवन बेहद मुश्किल हो जाएगा तो इसके खत्म होने से पहले इंसानों को अपने लिए नए घर की जरूरत होगी। उसी घर की तलाश हमने अरबों साल पहले शुरू कर दी है। अभी इन ग्रहों तक पहुंचने में महीनों लग रहे हैं, पर भविष्य में शायद तकनीक इतनी विकसित हो कि एक ग्रह से दूसरे ग्रह तक का सफर दो शहरों की दूरी तय करने जैसा हो जाए। लेकिन हम इंसान क्या अकेले ही दूसरे ग्रह पर बसने जाएंगे? पृथ्वी पर मौजूद हमारे साथी जीव जंतुओं को क्या यहीं छोड़ जाएंगे? या बाइबल में वर्णित नोआह की नांव की कहानी जैसा कुछ सोचना होगा। इसमें बताया गया है कि पृथ्वी पर जलप्रलय के वक्त सभी प्रजातियों के एक-एक जोड़े को इस नांव में ले जाकर नई दुनिया बसाई गई थी। क्या उसी तरह, दूसरे ग्रह पर सभी प्राणियों को साथ ले जाकर एक नए जीवन की शुरूआत की जा सकेगी। जीवन चक्र तो सबसे मिलकर ही चलता है। खान-पान से लेकर कपड़ों और दूसरी कई जरूरतों के लिए हम जानवरों और अन्य जीवों पर ही निर्भर हैं। उनके बिना क्या नए ग्रहों पर जीवन की कल्पना की जा सकती है। ब्रह्मांड आज भी मनुष्य के लिए एक बहुत बड़ी गुत्थी है। इसमें करीब 10 हजार करोड़ आकाशगंगाएं हैं और सबके करीब 20 हजार करोड़ तारे। इसकी उत्पत्ति कैसे हुई और इसकी नियति क्या है, इसे जानने की जिज्ञासा में इंसान पूरी ताकत से जुटा हुआ है। लेकिन जब तक डार्क मैटर का रहस्य नहीं सुलझता तब तक कई प्रकाश वर्ष मील दूर तक अंधकार से भरा तारों से टिमटिमाता यह अनंत आकाश हमारे लिए बड़ी पहेली बना रहेगा।

# खाद्य कीमतों पर सतर्कता जरूरी

यह जून में 3.36 प्रतिशत थी। खास बात यह भी है कि 12 अगस्त को जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई के आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2024 में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.54 फीसदी रह गई है, जबकि जून 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.08 प्रतिशत थी। सुकूनदेह स्थिति यह है कि खुदरा महंगाई दर पिछले 5 वर्षों के सबसे कम और रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित 4 प्रतिशत के लक्ष्य से भी नीचे आ जाने से अर्थव्यवस्था को मजूबती मिलते हुए दिखाई देगी। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि बेहतर मानसून से खाद्यान्नों, फलों, सब्जियों विशेषतया आलू, प्याज और टमाटर आदि की कीमतों में बड़ी कमी आने से खुदरा महंगाई दर में कमी आई है। पिछले दिनों 8 अगस्त को आरबीआई ने देश में बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मौद्रिक नीति समीक्षा के तहत रेपो रेट को पहले की तरह 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

हम उम्मीद करें कि अगस्त 2024 में जिस तरह खुदरा उपभोक्ता महंगाई रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित चार फीसदी के लक्ष्य से भी कम है, उसी तरह सरकार भविष्य में भी खुदरा महंगाई दर को नियंत्रित रखने के लिए प्रयास करेगी व नए दाम स्थिरीकरण कोष तथा खाद्य भंडारण व वेयरहाउसिंग के लिए किए गए बजट आवंटनों के उपयोग पर शुरूआत से ध्यान देगी।

हाल ही में 22 अगस्त को वित्त मंत्रालय द्वारा प्रकाशित आर्थिक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2024 में दक्षिण पश्चिमी मानसून में प्रगति के कारण खरीफ की बोआई अच्छी हुई है और खाद्य पदार्थों की महंगाई दर में और कमी आ सकती है। इसी तरह पिछले दिनों 19 अगस्त को रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि यद्यपि देश में बेहतर मानसून, अच्छे मौद्रिक प्रबंधन और सरकार के द्वारा तत्परता से महंगाई नियंत्रण के उपायों से महंगाई घटने का सुकूनदेह परिदृश्य दिखाई दे रहा है, लेकिन अभी भी खाद्य कीमतों पर सतर्कता जरूरी है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि महंगाई सरकार की चिंता बनी रही है और अब सरकार ने संकेत दिया है कि महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीति की डगर पर आगे बढ़ती रहेगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वर्ष 2024-25 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए 10000 करोड़ रुपए दिए गए हैं। जहां इस कोष का उपयोग दाल, प्याज और आलू के बफर स्टॉक को रखने के लिए किया जाएगा, वहीं जरूरी होने पर इन अन्य खाद्य वस्तुओं के बढ़े दामों को नियंत्रित करने के लिए भी इस कोष का इस्तेमाल किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि 14 अगस्त को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक थोक महंगाई जुलाई 2024 में घटकर तीन महीने के निचले स्तर 2.04 प्रतिशत पर आ गई।

यह जून में 3.36 प्रतिशत थी। खास बात यह भी है कि 12 अगस्त को जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई के आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2024 में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.54 फीसदी रह गई है, जबकि जून 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.08 प्रतिशत थी। सुकूनदेह स्थिति यह है कि खुदरा महंगाई दर पिछले 5 वर्षों के सबसे कम और रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित 4 प्रतिशत के लक्ष्य से भी नीचे आ जाने से अर्थव्यवस्था को मजूबती मिलते हुए दिखाई देगी। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि बेहतर मानसून से खाद्यान्नों, फलों, सब्जियों विशेषतया आलू, प्याज और टमाटर आदि की कीमतों में बड़ी कमी आने से खुदरा महंगाई दर में कमी आई है। पिछले दिनों 8 अगस्त को आरबीआई ने देश में बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मौद्रिक नीति समीक्षा के तहत रेपो रेट को पहले की तरह 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। यह लगातार 9वीं बार है जब मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो रेट को यथावत रखने का फैसला किया गया है। आखिरी बार रेपो रेट में फरवरी 2023 में बदलाव किया गया था। इस मौद्रिक नीति समीक्षा के तहत तेज विकास दर की बजाय महंगाई नियंत्रण को प्राथमिकता दी है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि निरंतर आर्थिक विकास को ध्यान में रखते हुए अभी भी महंगाई पर स्पष्ट तरीके से ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। रिजर्व बैंक और सरकार के समन्वित प्रयासों से महंगाई नियंत्रण के लगातार रणनीतिक कदम जरूरी हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक वर्ष 2024-25 के बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए जो धनराशि सुनिश्चित की गई है, उससे खाद्य भंडारण से जुड़ी एजेंसियों को धन मुहैया कराया जाएगा, ताकि वे उपयुक्त भंडारण बनाने के लिए किसानों के खेत या मंडी से सीधे खरीददारी कर सकें। इसके अलावा नए बजट के तहत इस वर्ष खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के लिए खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग के लिए ऋणों की राशि दोगुनी करके 50000 करोड़ रुपए सुनिश्चित की गई है। निःसंदेह नए बजट के तहत कई ऐसे प्रावधान हैं जिनसे अधिक खाद्यान्न उत्पाद और महंगाई नियंत्रण को प्रोत्साहन मिलेगा। प्राकृतिक खेती पर भारी प्रोत्साहन सुनिश्चित किए गए हैं और आगामी दो वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। देशभर में 10 हजार बायो इनपुट सेंटर बनाए जाएंगे, जहां से प्राकृतिक खेती की गतिविधियां संचालित होंगी। मौसम की मार के कारण खराब होने वाली फसलों के लिए समर्थन राशि बढ़ाई जाने से कृषि को नया प्रोत्साहन मिलेगा। नए बजट में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने, दलहन-तिलहन की पैदावार बढ़ाकर और किसानों की आय बढ़ाने, बीज की समस्या के निराकरण और मुख्य फसलों की उत्पादकता प्रभावित होने जैसे मामलों की चुनौतियों को कम करने के साथ-साथ कृषि शोध के विकास के लिए ज्यादा प्रावधान किए हैं। गौरतलब है कि 11 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) परिसर के खेतों में जाकर 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्में जारी करते हुए कहा कि इनसे देश में कम जमीन में अधिक पैदावार लेने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल सकेगी। इससे महंगाई से भी बचाव होगा। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि सरकार को इस वर्ष जो बेहतर मानसून विरासत में मिला है, उससे भी महंगाई में और कमी आएगी। पूरे देश के कोने-कोने में बेहतर मानसून के लाभ दिखाई देने लगे है। कृषि मंत्रालय ने 12 अगस्त को खरीफ फसलों का रकबा बढ़ने संबंधी रिपोर्ट में कहा है कि चालू खरीफ सीजन में अब तक खरीफ फसलों की बोआई 980 लाख हेक्टेयर के स्तर पर पहुंच गई है, जो पिछले साल की समान अवधि में 966 लाख हेक्टेयर ही थी। इस साल अच्छे मानसून से दाल, तिलहन और अनाज का उत्पादन बढ़ेगा और इनकी सप्लाई बढ़ने से इनकी कीमतें कम होंगी। बेहतर मानसून से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, जिससे ग्रामीण इलाके में खपत बढ़ेगी। निश्चित रूप से रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति, सरकार के वित्तीय नियंत्रण और बेहतर मानसून से जिस तरह महंगाई में कमी आई है, अब इसे नियंत्रित रखने के साथ-साथ ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा करने के लिए कुछ अहम बातों पर ध्यान दिया जाना जरूरी होगा। इस समय ग्रामीण भारत में जल्द खराब होने वाले ऐसे कृषि उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला बेहतर करने पर प्राथमिकता से काम करना होगा, जिनकी खाद्य महंगाई के उतार-चढ़ाव में ज्यादा भूमिका होती है।

## कृष्ण

**ओशो**

### चिंतन-मनन

कृष्ण का व्यक्तित्व बहुत अनूठा है। अनूठेपन की पहली बात तो यह है कि कृष्ण हुए तो अतीत मे लेकिन हैं भविष्य के। अभी भी कृष्ण मनुष्य की समझ से बाहर हैं। भविष्य में ही यह संभव हो पाएगा कि कृष्ण को हम समझ पाएं। इसके कुछ कारण हैं। सबसे बड़ा कारण तो यह है कि कृष्ण अकेले ही ऐसे व्यक्ति हैं जो धर्म की परम गहराइयों और ऊंचाइयों पर होकर भी गंभीर नहीं हैं,उदास नहीं हैं, रोते हुए नहीं हैं। कृष्ण अकेले ही नाचते हुए व्यक्ति हैं। हंसते हुए, गीत गाते हुए। अतीत का सारा धर्म दुखवादी था। कृष्ण को छोड़ दें तो अतीत का सारा धर्म उदास, आंसुओं से भरा हुआ था। हंसता हुआ धर्म मर गया है और पुराना ईश्वर, जिसे हम अब तक ईश्वर समझते थे, जो हमारी धारणा थी ईश्वर की वह भी मर गई है। जीसस के संबंध में कहा जाता है कि वह कभी हंसे नहीं। शायद जीसस का यह उदास व्यक्तित्व और सूली पर लटका हुआ उनका शरीर ही हम दुखी-चित्त लोगों के बहुत आकर्षण का कारण बन गया। महावीर या बुद्ध बहुत गहरे अर्थों में इस जीवन के विरोधी हैं। कोई और जीवन है परलोक मे कोई मोक्ष है उसके पक्षपाती हैं। समस्त धर्मों ने दो हिस्से कर रखे हैं जीवन के एक वह जो स्वीकार योग्य है और एक वह जो इनकार के योग्य है। कृष्ण अकेले ही इस समग्र जीवन को पूरा स्वीकार कर लेते हैं। जीवन की समग्रता की स्वीकृति उनके व्यक्तित्व में फलित हुई है। इसलिए इस देश ने और सभी अवतारों को आंशिक अवतार कहा है कृष्ण को पूर्ण अवतार कहा है। राम भी अंश ही हैं परमात्मा के लेकिन कृष्ण पूरे ही परमात्मा हैं। और यह कहने का यह सोचने का ऐसा समझने का कारण है। और वह कारण यह है कि कृष्ण ने सभी कुछ आत्मसात कर लिया है। अल्बर्ट श्वीत्जर ने भारतीय धर्म की आलोचना में एक बड़ी कीमती बात कही है और वह यह कि भारत का धर्म जीवन निषेधक लाइफ निगेटिव' है।' यह बात बहुत दूर तक सच है यदि कृष्ण को भुला दिया जाए। और यदि कृष्ण को भी विचार में लिया जाए तो यह बात एकदम ही गलत हो जाती है और श्वीत्जर यदि कृष्ण को समझते तो ऐसी बात न कह पाते, लेकिन कृष्ण की कोई व्यापक छाया भी हमारे चित्त पर नहीं पड़ी है। वे अकेले दुख के एक महासागर में नाचते हुए एक छोटे से द्वीप हैं। या ऐसा हम समझें कि उदास, निषेध, दमन और निंदा के बड़े मरुस्थलों5 एक बहुत छोटे से नाचते हुए मरूद्यान हैं।

## आपके पत्र

### हर किसी को मिले उचित पेंशन

यूपीएस अर्थात यूनिफाइड पेंशन स्कीम से सरकारी कर्मचारियों को क्या लाभ होगा और इससे क्या नुकसान होंगे, इस पर सभी के अपने-अपने विचार हो सकते हैं, लेकिन समय के साथ-साथ हर जगह हर चीज में परिवर्तन जरूरी है। इस नई पेंशन योजना से सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के बाद उनकी बारह महीनों के बेसिक वेतन का लगभग पचास प्रतिशत निश्चित पेंशन देने का प्रावधान किया गया है।

इसके लिए कर्मचारियों को लगभग पच्चीस साल तक नौकरी करनी होगी। इस योजना में और भी प्रावधान सरकार ने किए हैं। कुछ लोग नई पेंशन योजना से ज्यादा पुरानी पेंशन योजना को बेहतर बताएंगे। इस मुद्दे पर राजनीति भी खूब होगी। हर किसी को उचित पेंशन मिलनी चाहिए।

**वंदना राज,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ



## बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास ने चलाया जनसम्सर्क अभियान

**साहिबगंज/बरहरवा:** प्रखंड के मयूरकोला पंचायत के बासुटोला एवं छोटा फतेहपुर में बरहरवा प्रखंड में 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने जनसंपर्क अभियान के द्वारा कार्यकर्ता को एकजुट होकर काम करने की दिए निर्देश।बैठक को संबोधित करते हुए 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने कहा कि झारखंड चुनाव के मुहाने पर खड़ा है और हमें इस चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंकनी होगी ताकि हम काफी बड़े से अंतर से पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जीत सुनिश्चित कर सके और आगामी गठबंधन सरकार का गठन कर सकें। जनसंपर्क के माध्यम से अशोक कुमार दास ने जनता के बीच सरकार द्वारा किए गए कामों का ही चर्चा किया । और झारखंड सरकार की उपलब्धियां बताई की झारखंड मे महागठबंधन की सरकार में कई दुरगामी फैसले लिए गए जो मील का पत्थर साबित हो रहा है और कई राज्यों में उदाहरण के तौर पर इसे पेश किया जा रहा है।और सरकार की जन कल्याणकारी उपलब्धियां को ग्रामीणे को बताया ।महागठबंधन की सरकार ने किसानों का 2 लाख का ऋण माफ करने, जेपीएससी की परीक्षाएं आयोजित करने,अबुआ आवास के निर्माण हेतु लाभुकों को राशि वितरित करने,मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना,सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना, वृद्धावस्था पेंशन की उम्र सीमा 50 वर्ष करने जैसी कई क्रांतिकारी योजना लागू कर इसका क्रियान्वयन कर रही है। मौके पर मौजूद रहे रैसूल आलम जी प्रकाश टोप्पो गणेश साहा संजय किशोपट्टा प्रमित तिवारी अरूण साहा विकाश सिंह तपेश्वर साहा, अतीक,कांग्रेस के कार्यकर्तागण एवं ग्रामीणगण।

## घर का ताला तोड़ जेवर, फ्रिज व नगद की चोरी,जांच में जुटी पुलिस



**साहिबगंज/पतना:** रांगा थाना क्षेत्र के झिकटिया झालदीघी में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने बंद पड़े घर से ताला तोड़कर लाखो की चोरी की घटना को अंजाम दिया है।मिली जानकारी के अनुसार झालदिघी निवासी रूबी देवी पति-राजू ताँती घर में ताला लगाकर 23/8/24 पटना रिश्तेदार के यहाँ गई हुई थी,वहाँ से रविवार को लौट कर घर पहुँची तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है,घर घुसने के बाद देखा घर से 30,000 तीस हजार रुपये नगद,जेवर व फ्रिज गायब है।घर के बाहर बाँस के टटिया वाली घराबन्दी भी टूटी हुई थी। जिससे यह प्रतीत होता है। कि अज्ञात चोरों द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया गया है।रूबी देवी ने मामले को लेकर सोमवार को रांगा थाना में लिखित आवेदन प्रेषित की,जिसके बाद रांगा थाना एएसआई बी।के।द्विवेदी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुँच कर मामले की छानबीन की उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है।प्राथमिकी दर्ज आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## परिषद प्रतिनिधि रबूल अन्सारी ने किया जर्सी का वितरण



**मांडर:** प्रखंड अंतर्गत पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र कैम्बो पंचायत के ग्राम मुरजुली मे आदिवासी जय सरना क्लब के होनहार फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच मांडर मध्य के जिला परिषद प्रतिनिधि एंव समाज सेवी रबूल अन्सारी द्वारा जर्सी का वितरण किया गया। रबूल अन्सारी ने कहा की आज छोटे छोटे गांवो से निकलकर खिलाड़ी अपने क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन कर रहे है, आज के दौर मे हमारे ग्रामीण क्षेत्रो के खिलाड़ियों को अगर उचित संसाधन मुहैया करा दिया जाय तो ये खिलाड़ी आगे बढ़ कर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करेंगे। आप सभी खिलाड़ी पूरी तनमन के साथ खेले, आप को जरूर सफलता मिलेगी। मौके पर कैम्बो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संकर उरांव, खेलाड़ी समेत बहुत से ग्रामीण उपस्थित थे।

## घर की नालियों का पानी सड़क पर बहने से परेशानी



**कसमार:** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत बांधडीह दक्षिणी पंचायत स्थित टोला मांझीडीह के कुछ ग्रामीणों के द्वारा अपने घर का गंदा पानी का नाली सीधे तौर पर सड़क पर बहा दिया जा रहा है । इस मामला को लेकर ग्रामीणों के बीच टकराव की संभावना बनी रहती है । उपर टोला का धनी वर्ग के ग्रामीण अपनी ताकत का एहसास दिलाते हुए नीचे टोला के घरों के तरफ अपने घर के नाली के द्वारा गंदा पानी बहाने का काम कर रहे हैं । प्राप्त सूचना के अनुसार नीचे टोला के आदिवासी समाज के लोग गोलबंद होने की स्थिति में प्रयास कर रहे हैं । ऐसी स्थिति होने पर ग्रामीणों के बीच खूनी संघर्ष भी हो सकती है । इस मामले के संबंध में पंचायत की मुखिया का निस्यक्रियता से ग्रामीण आक्रोशित हो रहें हैं । इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने घर का नाली का गंदा पानी सड़क पर नहीं बहाने की आग्रह उपर टोला के लोगों से करते हुए कहा है कि अगर नाली का पानी बहाना बंद नहीं करेंगे तो इसकी शिकायत स्वच्छता विभाग बोकारो और स्थानीय प्रशासन से करते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग करेंगे ।

# व्यापारी से लूट की कोशिश, चार अपराधी गिरफ्तार



**कोडरमा:** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत गुमो स्थित सीमेंट छड़ का व्यापारी संतोष साव से लूटपाट की घटना को अंजाम देने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूरे मामले का उद्भेदन कर लिया है। व्यापारी जब तगादा कर दुकान पहुंचा तभी गाड़ी से उतरते ही बदमाशों ने उसपर हथियार तान दिया था जिसके बाद पड़ोस में खड़े युवकों ने अपराधियो पर हमला बोल दिया था व एक अपराधी को पकड़ पुलिस को सौंप दिया था। वहीं अन्य मौके से फरार हो गए। कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर एक टीम का गठन कर घटना में शामिल अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इस बाबत एसपी अनुदीप सिंह ने सोमवार को बताया कि तिलैया थाना अंतर्गत गुमो चौक के पास अपराधियों के द्वारा लूट का प्रयास किया जा रहा था जहां से एक अपराधी अमित सिह उर्फ गोड्डा को हथियार एवं गोली के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। उसके पास से हथियार एवं गोली को जब्त किया गया। इस संदर्भ में संतोष कुमार साव के द्वारा तिलैया थाना में लिखित आवेदन दिया गया जिस पर तिलैया थाना ने अभियुक्त अमित कुमार के विरुद्ध काण्ड दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। अनुसंधान के क्रम में अभियुक्त अमित सिह उर्फ गोड्डा के पास से हथियार एवं गोली के अलावे मोबाईल एवं उसके निशानदेही पर काण्ड में प्रयुक्त इंडिगो कार (टाटा कंपनी का) तथा पकड़ाये अभियुक्त राजकुमार सिंह उर्फ गोलु के निशानदेही पर लाल काला रंग का पैसन प्रो मोटरसाईकिल को जप्त किया गया। अमित सिह उर्फ गोड्डा एवं राजकुमार सिंह उर्फ गोलु के अपराध स्विकारोक्ति ब्यान के आधार पर घटना में प्रयुक्त हथियार एवं गोली को उपलब्ध कराने वाले अपराधी समीर श्रीवास्तव एवं निखिल सिह को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस मामले में पुलिस ने 1 एक देशी कट्टा, 315 बोर का 03 जिन्दा कारतुस, टाटा इंडिगो कार, पैशन प्रो मोटरसाईकिल, मोबाईल-05, हेलमेट-01 को जब्त किया है। इन अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से मामले दर्ज हैं। छापेमारी दल में विनय कुमार थाना प्रभारी तिलैया थाना, निताय चन्द्र साह, पुअनि तिलैया थाना, प्रमोद कुमार सिंह, सअनि तिलैया थाना व तकनीकी शाखा के कर्मी एवं पैंथर जवान की भूमिका रही।

## ग्लोबल विजडम पब्लिक स्कूल में चला यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान




**डोमचांच:** प्रखण्ड अंतर्गत नवलशाही स्थित ग्लोबल विजडम पब्लिक स्कूल में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। सड़क सुरक्षा के प्रति कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के साथ यातायात के नियम पालन करने व संदेश के माध्यम से बच्चों एवं लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। विद्यालय प्राचार्य सह निदेशक संजीत साव ने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को बताया कि आए दिन सड़क दुर्घटनाएं लगातार हो रही है। सड़क पर गाड़ी चलाते समय लोगों की गलतियों के कारण सड़क दुर्घटनाओं और सड़क दुर्घटना में चोट के खतरे को कम करने के लिये सड़क सुरक्षा एक सुरक्षात्मक कदम है। सभी को यातायात नियमों की अच्छे से जानकारी होनी चाहिए। गाड़ी चलाने के दौरान मोबाईल फोन या दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के इस्तेमाल के कारण चालक का ध्यान हटने के कारण सड़क दुर्घटना का खतरा बढ़ा है। ऐसे मामलों में सड़क हादसों और चोटों से दूर रखने के लिये यातायात नियम और कानून आपकी बहुत मदद करता है। कार्यक्रम के अंत में सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ दिलाई गई। वर्तमान में प्रतिदिन बढ़ते सड़क दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए कक्षा 8वीं के बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित शाइन बोर्ड भी बनाया गया। जागरूकता अभियान को सफल बनाने में विद्यालय प्राचार्य सह निदेशक संजीत साव, उप प्राचार्य जितेंद्र कुमार, शिक्षक पंकज राणा, बीरेंद्र दास, गौतम पाण्डेय, दसरथ यादव, गोलू कुमार यादव, एवं शिक्षिका मंजू देवी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं है।



## जेएलकेएम के मरकच्चो प्रखण्ड कमेटी का विस्तार

**कोडरमा:** झारखंड लोकतांत्रिक क्रान्तिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के निदेर्शानुसार झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का मरकच्चो प्रखण्ड में कमेटी विस्तार करने को लेकर केन्द्रीय पदाधिकारीयों एवं जिला चयन समिति के द्वारा बैठक कर प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड लोकतांत्रिक क्रान्तिकारी मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह कोर कमिटी सदस्य राजेश राज उर्फ श्री राज मेहता एवं केन्द्रीय संगठन मंत्री मुकेश शर्मा, जिला अध्यक्ष चंदन यादव, भुवनेश्वर साहु आदि शामिल हुए। इस दौरान कार्यकताओं के संबोधन में केंद्रीय उपाध्याय श्री राज मेहता ने कहा कि हमारी पार्टी झारखंड के मूलवासी के हक अधिकार के साथ जल, जंगल, जमीन और भूमि पर काबिज अतिक्रमणकारियों से अतिक्रमण मुक्त कराना है, झारखंडी युवाओं को सत प्रतिशत नौकरियों में हिस्सेदारी सुनिश्चित कराना है मरकच्चो प्रखंड के पंचखेरो जलाशय को पर्यटन स्थल बना कर स्थानीय लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता में शामिल है तभी झारखंड का शत प्रतिशत विकास संभव हैं। मौके पर विक्रम कुमार मेहता रोहित यादव यशवंत साव राजकुमार यादव विवेक कुमार साव सुरेश दास पवन दास पिंटू यादव पिंटू दास अमित कुमार यादव उमेश पासवान रंजीत यादव शंकर कुमार साव बसंत राम विकास कुमार के अलावे दर्जनों क्रांतिकारी युवा गण उपस्थित थे।

## कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कलश यात्रा का आयोजन

**जामा:** प्रखंड अंतर्गत कैराबनी चौक पर सोमवार को यदुवंशी जागरण मंच द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कमेटी सदस्य राजीव कुमार पंजियारा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यदुवंशी जागरण मंच की ओर से कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा 108 कुमारी कन्याओं के द्वारा निकाली गयी। रात्रि में मुख्य अजमान राजेश पंजियारा सह पत्नी के साथ पूजन एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। वहीं उन्होंने बताया कि रात्रि में भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें दुगार्पुर के कलाकार पुनम यादव, राज लक्ष्मी, स्वीट राज एवं भास्कर मिश्रा के भक्ति भजनों ने भक्तों का मन मोह लिया। मौके पर यदुवंशी जागरण मंच के सदस्य फलानंद यादव, गुणसागर, अमित, अरूण, निर्मल, कामदेव, विष्णु, संतोष, प्रशान्त, आदर्श, कौशल, जिवेश, रूपेश मोहन, अनिल, मनोज, रामकृष्ण, रामकिसुन, नारायण, अरविंद, विरेन्द्र, मंटु, अरूण, प्रमोद, सुबोध, राधेश्याम, बत्तीस, संजय, सुभाष, बाबुधन, विजय, ज्ञान, मार्शल, कुन्दन, मनोज यादव, रामवुटटु, चन्दन, राजा यादव उपस्थित थे।



## सुरक्षा से किसी हाल में कोई समझौता नहीं : बंधु तिर्की



**मांडर:** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि सुरक्षा से कोई भी समझौता घातक हो सकता है। उन्होंने कहा कि कोई भी लापरवाही खतरनाक हो सकती है इसलिये किसी को भी किसी भी हाल में सुरक्षा मापदंडो पर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिये। मांडर प्रखण्ड बिरगोड़ा नदी के डाइवर्सन पर बने अस्थायी पुल का निरीक्षण करते हुए श्री तिर्की ने अधिकारियों एवं पुल निर्माण कर रही एजेंसी के लोगों से वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। श्री तिर्की के साथ निरीक्षण के क्रम में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जबतक पुल का निर्माण पूरा नहीं हो जाता तबतक आवागमन में ग्रामीणों को बहुत अधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है और सभी सम्बंधित लोगों को इस बात का ध्यान रखना चाहिये। दोनों नेताओं ने स्वयं अस्थायी डाइवर्सन पर बांस के बने अस्थायी पुल को पार कर मजबूती और सुरक्षा का जायजा लिया।

# मांगे बड़ी नहीं छोटी हैं इसे जल्द पूरा किया जाये: विधायक

## स्थायी सेवा बहाली को लेकर सफाईकर्मियों की हड़ताल जारी




**साहिबगंज:** राज्य लोकल बॉडिज के आह्वान पर पूरे राज्य भर में सफाईकर्मी 23 अगस्त से अनिश्चितकालिन हडताल पर हैं। साहिबगंज नगर परिषद के बाहर भी नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा धरना दिया गया।वो भी अनिश्चितकालिन हडताल पर हैं। सफाई कर्मियों का मांग हैं कि सेवा को स्थायी किया जाए। जिस से उनका भी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।राज्य सरकार ने 2019 में सेवा को स्थायी करने का वादा करके सत्ता में आई थी।सोमवार को हड़ताल कर रहे नगर परिषद के समर्थन में राजमहल विधायक अनन्त ओझा,लोकल बॉडीज इम्पलाई फेडरेशन के राज्य के सचिव अनूप हरि,भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रामदरश यादव,पप्पू शाह,नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रामानंद साह,सुनील सिंह भी शामिल हुए। इस अवसर पर राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने कहा कि राज्य सरकार सफाई कर्मियों के साथ अन्याय कर रही हैं। इनको ठगने का काम किया हैं जबकि राज्य सरकार ने 2019 में सत्ता में आने के लिए इन सभी से वादा किया था कि इसको स्थायी करने का काम किया जाएगा।राज्य सरकार की लगभग पांच साल खत्म होने जा रहे हैं। मगर इनकी मांग को पूरा नहीं किया गया। जबकि यही सफाई कर्मी हैं जो कोरोना काल मे स्वास्थ कर्मियों के साथ कंधे में कंधे मिलाकर लोगो की जान को बचाने का काम किया।कोरोना काल मे जब लोग अपने घरों में थे तब यही सफाई कर्मी फ्रंट पर आकर लोगो के सेवा में लगे थे। सरकार को इस विषय पर सोचना चाहिए कि जो लोग हमें जान की परवाह किए बिना सेवा दे रहे हैं उनकी छोटी सी मांगो को हम पूरा नहीं कर सकते हैं।राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने कहा इनकी मांग कोई बड़ी नहीं हैं छोटी मांग हैं इसे जल्द पूरा करना चाहिये सरकार को। विधायक ने कहा मै हमेशा सफाई कर्मियों हक दिलाने के लिए लड़ाई लड़ हूँ जब भी मुझे कोई भी विषय संज्ञान में आया मै सरकार तक इनकी बातों को रखा।आगे भी रखता रहूंगा। विधानसभा में भी इस विषय को हमने उठाया था।सरकार सुनने को तौयार नहीं हैं राज्य सरकार युवाओं ठगने का काम किया,महिलाओं को ठगने का काम किया,किसानो को ठगने का काम किया।सत्ता में आने के लिए हेमन्त सोरेन सरकार ने हर साल पांच लाख रोजगार देने का वादा किया था पांच साल में 25 लाख रोजगार का क्या हुआ। महिलाओं का हर साल 72 हजार का क्या हुआ। विधायक ने कहा हेमन्त सोरेन सरकार की उनटी गिनती शुरू हो चुकी हैं दो महीने की ये सरकार और हैं,राज्य में बीजेपी की सरकार बनना तय हैं सरकार बनते ही सफाईकर्मी को स्थायी किया जाएगा।इनकी मांगो को पूरी की जाएगी।

# अनन्या पांडे की कॉल मी बे का ट्रेलर जारी

# 6 सितंबर को प्राइम वीडियो पर होगी स्ट्रीम



फिल्मों के बाद अब अनन्या पांडे ओटीटी पर कदम रखने जा रही हैं। वहीं कई स्टार किड्स को लॉन्च कर चुके करण जौहर ने उन्हें ये मौका दिया। फाइनली अमेजन प्राइम वीडियो ने अनन्या पांडे की नई सीरील कॉल मी बे का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। धर्माटिक एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित इस कॉमेडी-ड्रामा में वीर दास,वरुण सूद, मुस्कान जाफरी, विहान समेत अन्य एक्टर्स नजर आएंगे।ट्रेलर की शुरूआत होती है अनन्या पांडे से जिनका नाम बेला चौधरी है लेकिन वो खुद को बे बुलाती हैं। बेला का जन्म एक बहुत ही रईस घर में हुआ है और वो प्रॉपर साउथ दिल्ली की लड़की हैं। बे मस्ती से अपनी जिंदगी जी ही रही होती है कि एक समय उसकी जिंदगी में ऐसा मोड़ आता है कि उसकी पूरी ग्लैमरस दुनिया अचानक से बिखर जाती है।उसकी आराम भरी जिंदगी अचानक मुंबई की सड़कों पर आ जाती है जहां उसे अपने लिए काम ढूंढ?ा है। इस दौरान वो पब्लिक ट्रांसपोर्ट से लेकर मुंबई में एक पत्रकार के चुनौतीपूर्ण जीवन को अपनाने की कोशिश करती है।

अपने ओटीटी डेब्यू पर बात करते हुए अनन्या ने कहा, शुरूआत से ही मुझे पता था कि कॉल मी बे एक ऐसा प्रोजेक्ट है जिसका मैं हिस्सा बनना चाहती थी। स्क्रिप्ट सुने बिना भी, मुझे पता था कि यह कुछ खास होने वाला है। एक एक्टर के तौर पर बे का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत रोमांचक भरा था।8 एपिसोड की इस वेब सीरीज को कोलिन डी कुन्हा ने डायरेक्ट किया है। एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर में करण जौहर,अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा शामिल हैं। कॉल मी बे का प्रीमियर 6 सितंबर, 2024 को भारत और दुनिया भर के 240 देशों में होगा। इस सीरीज को इशिता मोइत्रा, समीना मोटलेकर और रोहित नायर ने लिखा है। यह प्राइम वीडियो पर तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा के साथ हिंदी में स्ट्रीम होगी।




# 'मुफासा' का ट्रेलर हुआ रिलीज, 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में देगी दस्तक


दुनियाभर में लोकप्रिय 'द लायन किंग' की प्रीक्वेल 'मुफासा - द लायन किंग' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है. यह फिल्म 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है, और ट्रेलर ने दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है. फिल्म का निर्देशन बैरी जेनकिंस ने किया है, और ट्रेलर देखकर ऐसा लगता है कि यह फिल्म शानदार कहानी के साथ-साथ कॉमेडी का भी तड़का लगाने वाली है. 'मुफासा' की कहानी में जहां भावनाओं की गहराई है, वहीं कुछ हल्के-फुल्के पलों के जरिए दर्शकों को हंसाने का भी पूरा इंतजाम किया गया है. फिल्म के ट्रेलर में दिखाए गए दृश्य, शानदार एनीमेशन और दमदार संवादों ने इसे पहले से ही एक बड़ी हिट के रूप में पेश कर दिया है. अब दर्शकों को बेसब्री से 20 दिसंबर का इंतजार है, जब वह इस बहुप्रतीक्षित फिल्म का आनंद सिनेमाघरों में उठा सकेंगे.

## एमी जैक्सन ने ब्रिटिश एक्टर से की शादी, शेयर की तस्वीरें

'सिंग इज ब्लिंग' फेम एक्ट्रेस एमी जैक्सन ने ब्रिटिश अभिनेता और संगीतकार एडवर्ड जैक पीटर वेस्टविक से शादी की है। उनकी डेस्टिनेशन वेडिंग इटली के अमाल्फी बीच पर हुई थी। दोनों ने ईसाई रीति-रिवाज से शादी की। एमी और एडवर्ड ने शादी की तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कीं।

शादी में एमी जैक्सन और एडवर्ड वेस्टविक दोनों ही बेहद खूबसूरत लग रहे थे। एमी ने शादी के लिए सफेद गाउन ड्रेस चुनी, जबकि एडवर्ड ने काली पैंट के साथ सफेद सूट पहना था। पहली फोटो में एडवर्ड एमी को पास पकड़कर पोज दे रहे हैं, वहीं दूसरी फोटो में दोनों कैमरे की तरफ देखकर पोज दे रहे हैं। एडवर्ड ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन दिया, ₹यात्रा अब शुरू होती है

प्रशंसक एमी जैक्सन और एडवर्ड वेस्टविक दोनों को उनकी नई यात्रा के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं। एमी की शादी में शामिल हुईं रोहिणी अय्यर। एमी जैक्सन और एडवर्ड वेस्टविक ने इसी साल जनवरी में सगाई की थी। इसके बाद दोनों ने लंदन में सगाई की डिनर पार्टी रखी और करीबी दोस्तों के साथ जश्न मनाया। इसके बाद दोनों ने इटली में शादी कर ली।



### एमी जैक्सन फिल्में

एमी जैक्सन एक लोकप्रिय अभिनेत्री हैं। उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ कई साउथ फिल्मों में भी काम किया है। उन्होंने 2012 में फिल्म 'एक दीवाना था' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके साथ स्मिता पाटिल के बेटे प्रतीक बब्बर मुख्य भूमिका में थे। उनकी कुछ मशहूर फिल्में हैं 'येवाडु', 'ऑपरेशन फॉर्च्यून', 'थेरी', 'थंगामगन', 'मद्रासपट्टनम', 'देवी', 'गेथु'।

# रोडिक कंसल्टेंट्स के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक राज कुमार ने 22 वीं उत्तराखंड राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**मेट्रो रेज**

**रांची :** रोडिक कंसल्टेंट्स, अग्रणी इंजीनियरिंग एवं डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कंसल्टिंग कंपनी, को यह घोषणा करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है कि उनके चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक राज कुमार ने 22 वीं उत्तराखंड राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि न केवल उनके असाधारण प्रतिभा और खेल के प्रति समर्पण को प्रदर्शित करती है बल्कि बोर्डरूम के अतिरिक्त भी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने की उनकी क्षमता को भी उजागर करती है। राज कुमार ने कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले 50 मीटर रायफल प्रोन (एनआर) के मास्टर पुरुष वैयक्तिक वर्ग में मुकाबले में हिस्सा लिया जहां उनके सटीक निशाने, फोकस, और संकल्प के बूते उन्हें सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त हुआ। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में उनकी सफलता उत्कृष्टता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है, यह एक ऐसा गुण है जिसने रोडिक कंसल्टेंट्स में उनके नेतृत्व को परिभाषित किया है। इस शानदार विजय पर राज कुमार ने कहा, उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करना और स्वर्ण पदक जीतकर घर लाना एक गौरव की बात है। शूटिंग हमेशा से मेरा जुनून रहा है, और इस मुकाम को हासिल करके मैं बहुत खुश हूं। मेरा मानना है कि खेल हो या व्यापार, अनुशासन और दृढ़ता सफलता की कुंजी हैं। मैं अपने परिवार, सहयोगियों और शूटिंग समुदाय के समर्थन के लिए उनका आभारी हूंह्व। राज कुमार के कुशल नेतृत्व में रोडिक कंसल्टेंट्स एक अग्रणी इंडीनियरिंग और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कंसल्टिंग कंपनी के तौर पर आगे बढ़ी है जिसकी साख देश भर में नवोन्मेषी व टिकाउ साल्यूशन्स प्रदान करने वाली बनी है।

खेलो इंडिया जोनल वीमेन वुशु लीग

# झारखंड के खाते में तीन गोल्ड और एक सिल्वर



**मेरठ :** झारखण्ड के खिलाड़ियों ने मेरठ के गॉडविन पब्लिक स्कुल में चल रहें खेलो इंडिया अस्मिता जोनल वीमेन वुशु लीग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीन गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीत लिया। आज आयोजित मेडल सेरेमनी में गोल्ड मेडल विजेता खिलाडी को 5000 रुपए प्रति खिलाडी और सिल्वर मेडल विजेता खिलाडी को 3000 रुपए कि पुरस्कार राशि स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तरफ से दी गयी।

झारखण्ड की तरफ से खेलते हुए गीता खलखो, मीनू मुंडा और अनीता कुमारी ने गोल्ड जबकि सुनीता गाड़ी ने सिल्वर मेडल जीता। इन खिलाड़ियों कि सफलता पर झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ प्रदीप

## गीता खलखो, मीनू मुंडा, अनीता कुमारी को गोल्ड और सुनीता गाड़ी को सिल्वर

कुमार वर्मा सहित डॉ कविता सिंह, मिथलेश साहू, डॉ अंशु साहू।चंचल भट्टाचार्य, कुमुद प्रसाद साहू,उदय साहू, शैलेन्द्र कुमार, मनोज कुमार महतो, मनोज साहू, शशिकांत पांडे, रजि अहमद, गोकुलनंद मिश्रा, वाहिद अली, आजाद पाठक, शैलेन्द्र दुबे, रत्नेश कुमार, दीपक गोप, आशीष गोप, अमासी बारला, संजय मंडल, कार्तिक राम, दिनेश यादव, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, प्रतिमा कुमारी, बिमला टोप्पो, सुशांति तोपनो, काजल किरण, मृतुन्जय कुमार राय, शिवेंद्र दुबे व अन्य ने बधाई दी है।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए बेयरस्टो, मोईन इंग्लैंड की टीम से बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए जॉनी बेयरस्टो, मोइन अली और क्रिस जॉर्डन को अपनी व्हाइट-बॉल टीम से बाहर कर दिया है। ये तीनों हाल ही में टी20 विश्व कप में सेटअप का हिस्सा थे, जहां इंग्लैंड सेमीफाइनल में भारत से हार गया था। इनके बाहर होने से टी20कटीम में पांच अनकैप्ड खिलाड़ियों जॉर्डन कॉक्स, जैकब बेथेल, डैन मूसली, जोश हल और जॉन टर्नर को जगह मिली है, इन सभी ने घरेलू सर्किट में विभिन्न स्तरों पर प्रभावित किया है। इंग्लैंड के नियमित व्हाइट-बॉल कप्तान जोस बटलर और प्रीमियर पेसर जोफ्रा आर्चर भी एक्शन में वापस आएंगे। बटलर कॉल्फ की चोट से पूरी तरह से उबर चुके हैं, जिसके कारण वे द हंड्रेड के पूरे सत्र से बाहर रहे, जबकि आर्चर, जिनके कार्यभार पर सदर्न ब्रेव के लिए नजर रखी गई थी, मार्च 2023 के बाद से अपना पहला वनडे खेलने के लिए तैयार हैं। कॉक्स का चयन सबसे ज्यादा पूवार्नुमानित था, क्योंकि विकेटकीपर बल्लेबाज की गतिशीलता शीर्ष क्रम में है। वह इंग्लैंड के घरेलू व्हाइट-बॉल टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं, चाहे वह टी20 ब्लास्ट हो या द हंड्रेड। जोश हल का बाएं हाथ का कोण और हिट-द-डेक क्षमता उन्हें एक एक्स-फैक्टर बनाती है जबकि जॉन टर्नर ने द हंड्रेड के दौरान अपनी गति और जोश से सभी को प्रभावित किया।

# दुबई में खेला जाएगा भारत-पाकिस्तान मुकाबला और फाइनल




## आईसीसी ने जारी किया संशोधित महिला टी20 विश्व कप कार्यक्रम

**एजेंसी**

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार रात आगामी महिला टी-20 विश्व कप के लिए संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिए हैं। दुबई 6 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले और 20 अक्टूबर को 18 दिवसीय टूनार्मेंट के फाइनल की मेजबानी भी करेगा।

बांग्लादेश के लिए चल रहे राजनीतिक संकट के कारण टूनार्मेंट की मेजबानी करना असंभव हो गया था, जिसके बाद टूनार्मेंट को यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया था।

अन्य मेजबान शहर शारजाह 13 अक्टूबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महत्वपूर्ण मुकाबले की मेजबानी करेगा, यह एकमात्र लीग मैच है जिसे हरमनप्रीत कौर की टीम दुबई से बाहर खेलेगी। शारजाह 18 अक्टूबर को दूसरे सेमीफाइनल की मेजबानी भी करेगा। अगर भारत क्वालीफाई करता है, तो वे 17 अक्टूबर को दुबई में पहला सेमीफाइनल खेलेंगे।

समूह पहले की तरह ही बने हुए हैं, जिसमें छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका ग्रुप ए में हैं। दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड को ग्रुप बी में रखा गया है। प्रत्येक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। आईसीसी ने कहा कि सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए एक रिजर्व दिन तय किया गया है। टूनार्मेंट से पहले 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 10 अभ्यास मैच आयोजित किए जाएंगे।

### संशोधित कार्यक्रम

3 अक्टूबर गुरुवार बांग्लादेश बनाम स्कॉटलैंड शारजाह
3 अक्टूबर गुरुवार पाकिस्तान बनाम श्रीलंका शारजाह
4 अक्टूबर शुक्रवार दक्षिण अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज दुबई
4 अक्टूबर शुक्रवार भारत बनाम न्यूजीलैंड दुबई
5 अक्टूबर शनिवार बांग्लादेश बनाम इंग्लैंड शारजाह
5 अक्टूबर शनिवार ऑस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका शारजाह
6 अक्टूबर रविवार भारत बनाम पाकिस्तान दुबई
6 अक्टूबर रविवार वेस्टइंडीज बनाम स्कॉटलैंड दुबई
7 अक्टूबर सोमवार इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका शारजाह
8 अक्टूबर मंगलवार ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड शारजाह
9 अक्टूबर बुधवार दक्षिण अफ्रीका बनाम स्कॉटलैंड दुबई
9 अक्टूबर बुधवार भारत बनाम श्रीलंका दुबई
10 अक्टूबर गुरुवार बांग्लादेश बनाम वेस्टइंडीज शारजाह
11 अक्टूबर शुक्रवार ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान दुबई
12 अक्टूबर शनिवार न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका शारजाह
12 अक्टूबर शनिवार बांग्लादेश बनाम दक्षिण अफ्रीका दुबई
13 अक्टूबर रविवार इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड शारजाह
13 अक्टूबर रविवार भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया शारजाह
14 अक्टूबर सोमवार पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड दुबई
15 अक्टूबर मंगलवार इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज दुबई
17 अक्टूबर गुरुवार सेमीफाइनल 1 दुबई
18 अक्टूबर शुक्रवार सेमीफाइनल 2 शारजाह
20 अक्टूबर रविवार फाइनल दुबई

## यूएस ओपन : पहले दौर में हारकर बाहर हुए सुमित नागल

नई दिल्ली। पुरुष एकल वर्ग में भारत के सर्वोच्च वरीयता प्राप्त पुरुष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल मंगलवार को नीदरलैंड के टैलोन ग्रीक्सपूर से हारकर यूएस ओपन से बाहर हो गए हैं। नागल को अपने से कहीं बेहतर रैंकिंग वाले एथलीट के खिलाफ सीधे सेटों में 6-1, 6-3, 7-6 से हार का सामना करना पड़ा। पहले सेट में डच खिलाड़ी ने पूरी तरह दबदबा बनाया और नागल की सर्विस कई बार तोड़ी और 6-1 से जीत दर्ज की। दुनिया में 40वें नंबर के ग्रिक्सपूर किसी भी तरह से एक्सीलेटर से अपना पैर हटाने के मूड में नहीं थे और उन्होंने भारतीय खिलाड़ी को बैकफुट पर ही रखा। दूसरे सेट में नागल ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन ग्रिक्सपूर को रोकने के लिए यह काफी नहीं था और नागल दूसरा सेट भी 6-3 से हार गए। जल्दी बाहर होने की आशंका के चलते नागल ने तीसरे सेट में अपना स्तर बढ़ाया और सात अंकों के टाई-ब्रेकर में दो सेट प्वाइंट हासिल किया और मुकाबले में बने रहे। हालांकि, डच खिलाड़ी ने अंतर कम करने के लिए एक बेहतरीन ऐस लगाया और फिर जीत दर्ज की। 2019 और 2020 में अपने पिछले दो मुकाबलों के बाद यह नागल का यूएस ओपन के मुख्य ड्रॉ में तीसरा प्रवेश था। 27 वर्षीय खिलाड़ी के लिए अब तक का सीजन बहुत खराब रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### ये साइंस है : शिंगल्स के खिलाफ जीएसके के नए जागरूकता एवं बचाव अभियान से जुड़े अमिताभ बच्चन एवं मनोज पाहवा



**रांची/ मेट्रो रेज :** जीएसके ने आज शिंगल्स के प्रति जागरूकता के लिए नया कैंपेन लॉन्च किया। इस कैंपेन में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन एवं प्रतिष्ठित अभिनेता मनोज पाहवा चिकनपॉक्स और शिंगल्स के बीच के वैज्ञानिक संबंधों के बारे में विस्तार से समझाते हुए नजर आएंगे। कैंपेन फिल्मों में शिंगल्स के बारे में चर्चा कर रहे दो दोस्तों के बीच की सामान्य बातचीत को ही केंद्र में रखा गया है। इसमें डायबिटीज से पीड़ित लोगों में शिंगल्स की अधिक आशंका के बारे में भी विमर्श किया गया है।इस अभियान को लेकर मनोज पाहवा ने कहा, ह्यमैं उस आयु वर्ग में आता हूं, जिसमें शिंगल्स होने का खतरा रहता है। जीएसके के शिंगल्स जागरूकता अभियानों के माध्यम से मैंने इस दर्दभरी बीमारी और इससे जुड़े खतरों के बारे में काफी कुछ जाना है। मैं लोगों को शिंगल्स के कारण जानने और बचाव के महत्व के बारे में शिक्षित करने के इस अभियान का हिस्सा बनकर गर्व का अनुभव कर रहा हूं। मैं 50 साल से अधिक उम्र के लोगों को प्रोत्साहित करना चाहूंगा कि अपने डॉक्टर से शिंगल्स एवं इससे बचाव के तरीकों के बारे में बात करें। ऐसे लोग जिन्हें पहले चिकनपॉक्स हो चुका हो और अब वे डायबिटीज का शिकार हैं, तो उनमें शिंगल्स का खतरा 40 प्रतिशत ज्यादा रहता है। खून में ग्लूकोज की ज्यादा मात्रा यानी हाई ब्लड शुगर से इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है और जब इम्यून सिस्टम कमजोर होता है तो चिकनपॉक्स के वायरस के पुनः सक्रिय होने और शिंगल्स होने का खतरा बढ़ जाता है।

### एस्सिलोर ने विराट कोहली के साथ शुरू किया नया ब्रांड कैंपेन



**रांची/ मेट्रो रेज :** दुनिया भर में प्रिस्क्रिप्शन लेंस के अग्रणी ब्रांड एस्सिलोर ने अपने नए अभियान की शुरूआत की, जिसमें भारत के ब्रांड एंबेसडर विराट कोहली शामिल हैं। इस कैंपेन का उद्देश्य ब्रांड की स्थिति को मजबूत करना और दर्शकों को एस्सिलोर के बेहतर उत्पाद पेशकशों से जोड़ना है जो दृष्टि सुधार आवश्यकताओं के लिए समाधान प्रदान करते हैं। कैंपेन का पहला चरण आईजेन पर केंद्रित है, जो एस्सिलोर के सिंगल विजन लेंस हैं, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो लंबे समय तक डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हैं। कैंपेन फिल्म में कई परिदृश्यों को दिखाया गया है जहां लोग लंबे समय तक डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हैं और आंखों में थकान और परेशानी का अनुभव करते हैं। कोहली, जो खुद आईजेन~ लेंस का उपयोग करते हैं, इस लेंस के फायदों की व्याख्या करते हुए नजर आते हैं, जिसमें वे बताते हैं कि कैसे ये लेंस डिजिटल स्क्रीन से होने वाली दृश्य थकान को कम करने और नीली-बैंगनी रोशनी को फि ल्टर करने के लिए डिजाइन किए गए हैं, जिससे आंखों को आराम और सुरक्षा मिलती है। कैंपेन का दूसरा चरण वैरिलक्स के इर्द-गिर्द बनाया गया है, जो एस्सिलोर~ के प्रोग्रेसिव लेंस हैं, जो प्रिस्बायोपिया से संबंधित दृष्टि समस्याओं को ठीक करने के लिए उपयोग किए जाते हैं। अभियान फिल्म में विराट कोहली को उनके पुराने कोच के लिए वैरिलक्स~ के प्रवर्तक और समर्थक के रूप में दिखाया गया है। फिल्म में दोनों एक रेस्तरां में बातचीत कर रहे हैं, जहां कोहली देखते हैं कि उनके कोच, जो नॉन-प्रोग्रेसिव लेंस पहने हुए हैं, डिजिटल उपकरण को करीब से देखने में संघर्ष कर रहे हैं। कोहली अपने कोच को वैरिलक्स~ लेंस आजमाने का सुझाव देते हैं ताकि इस तरह की कठिनाइयों से बचा जा सके और बेहतर दृष्टि प्राप्त हो सके। फिल्म में एआई तकनीक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया गया है, जो वैरिलक्स प्रोग्रेसिव लेंस की मदद से प्रिस्बायोपिया को ठीक करने के लिए उपयोग किया जाता है।

### सिट्रोएन ने लॉन्च की बैसाल्ट भारत की पहली मेनस्ट्रीम एसयूवी




**रांची/ मेट्रो रेज :** सिट्रोएन इंडिया ने भारत की पहली मेनस्ट्रीम एसयूवी कूपे - बैसाल्ट के लॉन्च की घोषणा कर दी। इसमें ग्राहकों को एसयूवी के मजबूत आकर्षण के साथ कूपे का स्लीक एलिगेंस और विशाल रिफाईनमेंट मिलेगा। सिट्रोएन बैसाल्ट में बोल्ड, कमांडिंग स्टांस, श्रेणी में सबसे विशाल स्पेस और एयरोडायनामिक सिल्हुएट के साथ ड्राइविंग का अतुलनीय अनुभव प्राप्त होगा। 100 सालों से सिट्रोएन की विरासत रही इनोवेशन और कम्फर्ट की प्रतिबद्धता के साथ बैसाल्ट ऑटोमोटिव उत्कृष्टता का एक नया युग शुरू कर रही है, जिसमें आधुनिक फीचर्स और ड्राइविंग के आनंद को सबसे ज्यादा महत्व दिया जाता है।बैसाल्ट की डिलीवरी पूरे देश में स्थित ला मेजों सिट्रोएन फि जिटल शोरूम्स से सितंबर, 2024 के पहले हफ़्ते से शुरू होगी।

### नवान्न के अंदर और बाहर सादी वर्दी में नजरदारी घेराव अभियान को लेकर पुलिस सतर्क

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल छात्र समाज द्वारा आयोजित नवान्न अभियान के पीछे एक सुनियोजित साजिश का आरोप पुलिस ने लगाया है। इस साजिश के तहत महिलाओं और छात्रों को सामने रखकर स्थिति को भड़काने की कोशिश की जा सकती है, जिससे पुलिस को मजबूरन बल प्रयोग करना पड़े। अब मंगलवार सुबह से ही राज्य सचिवालय और आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में सादी वर्दी में पुलिस के जवान तैनात हैं, जो पूरे हालात पर निगरानी रख रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नवान्न अभियान के दौरान आम लोगों की भीड़ में कुछ असामाजिक तत्व मिलकर बड़े पैमाने पर अशांति, हिंसा और अराजकता फैला सकते हैं। पुलिस का मानना है कि इन असामाजिक तत्वों का उद्देश्य महिलाओं और छात्रों को आगे रखकर एक ऐसा माहौल बनाना है जिससे स्थिति तुरंत ही हिंसक और अराजक हो जाए। इस परिस्थिति में पुलिस को मजबूरन बल का प्रयोग करना पड़ेगा।

### बांग्लादेश में पूर्व मंत्री की टायर फैक्टरी में लगाई गई आग 32 घंटे बाद बुझी

# 174 लोग लापता, अब इमारत गिरने का खतरा

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में अवामी लीग के एक नेता की गाजी ऑटो टायर फैक्टरी में लगाई गई आग 32 घंटे बाद आज सुबह बुझ तो गई पर अब उसके गिरने का खतरा मंडरा रहा है। दो दिन पहले गिरफ्तार किए जा चुके अवामी लीग के पूर्व मंत्री गोलाम दस्तगीर गाजी की यह फैक्टरी नारायणगंज के रूपगंज में है।



ढाका से छपने वाले द डेली स्टार अखबार के अनुसार, अग्निशमन सेवा कर्मियों ने कहा है कि फैक्टरी में लगी आग लगभग 32 घंटे बाद आज सुबह 5:00 बजे पूरी तरह से बुझा ली गई। अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा के सहायक निदेशक अनवारुल हक ने कहा कि इमारत की स्थित बेहद नाजुक है। उसके गिरने का खतरा है। उन्होंने चेतावनी भी दी कि संरचना के अंदर बची हुई गर्मी के कारण आग दोबारा भड़कने का खतरा भी बरकरार है।

अनवारुल हक ने कहा कि लंबे प्रयास के बाद हम फिलहाल आग को कम करने में कामयाब रहे, लेकिन इमारत के अंदर अभी भी काफी गर्मी है। टर्नटेबल लैडर (टीटीएल) का उपयोग करके की गई तलाशी के बाद छत पर कोई हताहत नहीं पाया गया। अग्निशमन सेवा निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल रेजाउल करीम ने कहा है कि आग पर कल शाम लगभग 7:05 बजे नियंत्रण पा लिया गया था। दे डेली स्टार के अनुसार, आग बुझते ही लापता लोगों के रिश्तेदार फैक्टरी के सामने एकत्र हो गए। वे उत्सुकता से अपने प्रियजनों की सलामती की खबर का इंतजार कर रहे थे। सनद रहे पूर्व मंत्री गोलाम दस्तगीर गाजी की गिरफ्तारी के कुछ घंटों बाद अपराधियों ने रविवार रात करीब 9:00 बजे उनकी फैक्टरी में आग लगा दी थी। फैक्टरी के अधिकारियों ने दावा किया कि रविवार दोपहर दो समूहों में सैकड़ों लोगों ने ढाका-सिलहट राजमार्ग के किनारे रूपशी इलाके में छह मंजिला इमारत पर धावा बोला और तोड़फोड़ करने के साथ लूटपाट की। गाजी टायर्स के सहायक महाप्रबंधक सैफुल इस्लाम ने कहा है कि अपराधियों ने रात करीब नौ बजे भूतल पर आग लगाई।

अग्निशमन सेवा निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल रेजाउल करीम ने कहा है कि कुछ लोग दावा कर रहे हैं कि फैक्टरी में उनके रिश्तेदार अंदर थे। आग लगने के बाद वह निकल नहीं पाए। उन्होंने कहा कि हम लापता लोगों के नाम पते नोट कर रहे हैं। अब तक हमारे पास ऐसे 174 नाम हैं।

# वृंदावन में बांकेबिहारी की मंगला आरती आज

### 600 भक्तों को ही अनुमति



एजेंसी

**नई दिल्ली।** ब्रज में चहुं ओर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम है। इस खुशी में नंदोत्सव मनाते हुए उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में वृंदावन के ठाकुर श्रीबांकेबिहारीजी मंदिर में आज आधीरात बाद विशेष मंगला आरती होगी। मध्यरात्रि जन्म के बाद यहां साल में एक बार विशेष मंगला आरती होती। इस दौरान 600 भक्तों का ही मंदिर में प्रवेश होगा। इसमें सेवायतों की संख्या भी शामिल है।

हाई कोर्ट के आदेश पर यह संख्या सीमित की गई है। प्रवेश पासधारकों को ही इस आरती के दौरान मंदिर में प्रवेश मिलेगा। 600 की संख्या पूरी होने के बाद द्वार बंद कर दिए जाएंगे। हाई कोर्ट के आदेश पर अमल करते हुए पुलिस-प्रशासन ने पास जारी करने की व्यवस्था की है। विश्व भर से श्रद्धालु कान्हा के जन्मोत्सव के लिए ब्रज पहुंचे हुए हैं।

### छत्तीसगढ़ में भाजपा का सदस्यता अभियान तीन सितंबर से

# पहले सदस्य बनेंगे मुख्यमंत्री साय

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान आगामी तीन सितंबर से शुरू होने जा रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ भाजपा का पहला सदस्य बनाएंगे। इसके बाद छह सितंबर से सभी बूथों में सदस्यता अभियान शुरू हो जाएगा। भाजपा सूत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक 15 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत भाजपा ने लगभग पचास लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सदस्यता अभियान के लिए वार रुम गठित किया जा चुका है। साथ ही प्रदेश में पांच अलग-अलग कमेटी गठित की जा रही है जो इस अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।




सदस्यता अभियान के लिए प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक पत ट्रेनिंग के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत यह बताया जा रहा है कि नया सदस्य बनाते समय किन-किन बातों का ध्यान रखा जाना है। वहीं सदस्यता बनाते समय लोगों को भाजपा की रीति-नीति भी बतानी होगी।

# मध्य रात्रि में जन्म के साथ ही झूम उठे भगवान श्रीकृष्ण के भक्त

एजेंसी

**अररिया।** अररिया के विभिन्न मंदिरों और पूजा पंडालों में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव सोमवार को मनाया गया।मध्य रात्रि को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही मंदिरों में मौजूद भगवान श्रीकृष्ण के भक्त झूम उठे और मंदिर हरे कृष्ण हरे कृष्ण से वातावरण गूंज उठा।



भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर मंदिरों को गुब्बारे और रंग बिरंगे पताकों से विशेष ढंग से सजाया गया था,जहां देर शाम के बाद मंदिरों में होने वाले पूजा अर्चना के लिए भक्त जमा होने लगे थे और रातभर भक्तों का मंदिरों में आवाजाही होते रही।विशेष पूजा अर्चना में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर माखन मिश्री की विशेष भोग लगाईं गई,जिसे पूजा उपरांत भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।कई मंदिरों में शाम से ही विशेष भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था।जहां पूजा अर्चना के साथ भजन कीर्तन का दौर रातभर चला। भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर रात में पूरा माहौल भक्तिमय रहा।

# हिमाचल विधानसभा का मानसून सत्र आज से, हंगामे के आसार

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की 14वीं विधानसभा का दूसरा मॉनसून सत्र मंगलवार से शुरू होने वाला है। इस बार मॉनसून सत्र 10 दिनों तक चलेगा। सदन की कार्यवाही नौ सितंबर को समाप्त हो जाएगी। मॉनसून सत्र में जबरदस्त हंगामा होने के पूरे आसार दिख रहे हैं। विपक्ष पहले दिन शोक प्रस्ताव के बाद सदन की कार्रवाई को बाधित कर सकता है।



विपक्षी दल भाजपा ने मॉनसून सत्र को लेकर सोमवार को विधानसभा स्पीकर द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक से किनारा कर संकेत दिए हैं कि सत्र में विपक्ष के तेवर तल्ख रहेंगे। दरअलस स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष की तरफ से कोई भी नेता नहीं पहुंचा। इससे साफ तौर पर इशारा हो गया है कि विपक्ष मानसून सत्र के दौरान सरकार की घेराबंदी करने वाला है।

मॉनसून सत्र को लेकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में भाजपा ने सोमवार देर शाम बैठक कर रणनीति बनाई। जयराम ठाकुर का कहना है कि मॉनसून सत्र में महंगाई, कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा जाएगा। बजट सत्र के बाद पिछले पांच माह में ऐसे कई मुदे भाजपा के हाथ लगे हैं, जिन पर वो सरकार की घेराबंदी करने की कोशिश करेगा। इनमें मुख्य तौर पर बादल फटने, बाढ़ व भूस्खलन से हुई तबाही, प्रदेश की खराब माली हालत, कर्मचारियों की लंबित देनदारियां, निशुल्क बिजली योजना और गांवों में निशुल्क पानी योजना में संशोधन, सीमेंट दामों में बढ़ौतरी और कांग्रेस की गारंटियां शामिल हैं।

दूसरी तरफ सत्तापक्ष कांग्रेस भी भाजपा विधायकों के हर सवाल का जवाब देने को तैयार है। मानसून सत्र शुरू होने से ठीक पहले सुबह नौ बजे सतापक्ष के विधायक बैठक करेंगे। इसमें विपक्ष के हमलों को नाकाम करने की रणनीति तैयार की जाएगी। सतापक्ष द्वारा केंद्र सरकार पर प्रदेश की अनदेखी के आरोप लगाए जा रहे हैं। इस मुददे को सतापक्ष सदन में भुनाकर विपक्ष को बैकफुट पर करने की कोशिश करेगा।

**मॉनसून सत्र में 936 सवाल गूंजेंगे, स्पीकर ने की सतापक्ष और विपक्ष से सहयोग की अपील :** विधानसभा स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने मानसून सत्र के संचालन में सतापक्ष व विपक्ष से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण सत्र है, जिसमें 10 बैठकें आयोजित की जा रही हैं। उन्होने सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि वे सदन के समय का सदुपयोग जनहित से सम्बन्धित विषयों को उठाने के लिए करें तथा उस पर चर्चा करें। उन्होंने कहा कि सदस्य प्रदेशहित व अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र के विषय सदन में उठा सकते हैं और सरकार भी उसका जवाब देने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि इस सत्र में सदस्यों से कुल 936 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं जिसमें 640 प्रश्न तारांकित (ऑन लाईन 516, ऑफ लाईन 124) तथा 296 प्रश्न अतारांकित (ऑन लाईन 248 व ऑफ लाईन 48) प्राप्त हुए हैं। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि नियम 62 के तहत 7 सूचनाएं, नियम 63 के तहत एक सूचना, नियम 101 के अन्तर्गत 10 सूचनाएं, नियम 130 के तहत 20 तथा नियम 324 के तहत 4 सूचनाएं सदस्यों से प्राप्त हुई हैं।


### नौ नवनिर्वाचित विधायक लेंगे सत्र में लेंगे हिस्सा पहली बार नजर आएगी पति-पत्नी की जोड़ी

हाल ही में हुए दो विधानसभा उपचुनाव के नतीजों के बाद हो रहे मॉनसून सत्र में कांग्रेस के छह और भाजपा के तीन नवनिर्वाचित विधायक भी हिस्सा लेंगे। दरअसल इसी साल फरवरी माह में बजट सत्र के दौरान राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद व्हिप का उल्लंघन करने पर स्पीकर ने कांग्रेस के छह विधायकों की सदस्यता बर्खास्त कर दी गई थी। बगावत करने वाले छह पूर्व कांग्रेस विधायकों ने बाद में भाजपा का दामन थामा और भाजपा की टिकट पर विधानसभा उपचुनाव लड़ा। इनमें इंद्रदत लखनपाल और सुधीर शर्मा ही दोबारा विधानसभा में पहुंच पाए हैं। इसी तरह तीन निर्दलीय विधायकों केएल ठाकुर, आशीष शर्मा और होशियार सिंह ने इस्तीफे देकर भाजपा से चुनाव लड़ा और आशीष शर्मा ही जीत हासिल कर पाए। इस बार विधानसभा में पहली बार पति-पत्नी की जोड़ी नजर आएगी। देहरा से अपने पहले चुनाव में जीत कर विधायक बनी कमलेश ठाकुर मुख्यमंत्री सुक्खू की धर्मपत्नी हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू और कमलेश ठाकुर के रूप में पहली बार पति-पत्नी की जोड़ी सदन में दिखेगी।अब विधानसभा में कोई भी निर्दलीय विधायक नहीं हैं। कांग्रेस के विधायकों की संख्या 40 है जबकि भाजपा के 28 विधायक हैं।

# टेक्सास की अदालत ने बाइडेन प्रशासन को दिया झटका

एजेंसी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में टेक्सास के एक संघीय न्यायाधीश ने सोमवार को राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन को झटका देते हुए उसके अहम सामाजिक कार्यक्रम पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी। यह कार्यक्रम संयुक्त राज्य अमेरिका में रह रहे अमेरिकियों से विवाहित गैर-दस्तावेजी लोगों के लिए वैधीकरण को आसान बनाता था। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।



टेक्सास के पूर्वी जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय के न्यायाधीश जे. कैंपबेल बार्कर ने बाइडेन प्रशासन पर मुकदमा करने वाले 16 रिपब्लिकन के नेतृत्व वाले राज्यों के पक्ष में फैसला सुनाया है। इस फैसले से फिलहाल अमेरिकी नागरिकों के गैर-दस्तावेजी जीवनसाथियों को कानूनी दर्जा देने के संघीय कार्यक्रम पर रोक लग गई है। न्यायाधीश जे. कैंपबेल बार्कर ने एक प्रशासनिक स्थगन जारी किया है। अब प्रशासन ऐसे आवेदनों को मंजूरी प्रदान नहीं कर सकता। उल्लेखनीय है कि न्यायाधीश बार्कर की नियुक्ति पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने की थी।

# सोने में सपाट कारोबार, चांदी में मामूली गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** घरेलू सराफा बाजार में आज सोना बिना किसी बदलाव के कारोबार कर रहा है, जबकि चांदी के भाव में आज मामूली कमजोरी नजर आ रही है। भाव में बदलाव नहीं होने की वजह से देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में आज भी 24 कैरेट सोना 73,180 रुपये से लेकर 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67,090 रुपये से लेकर 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में मामूली गिरावट आई है। कीमत में आई इस गिरावट की वजह से दिल्ली सराफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 87,800 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।



देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,080 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज भी 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## तस्करी के लिए रखे गए आठ पशुओं को पुलिस ने किया जब्त

**कोलेबिरा:** कोलेबिरा थाना पुलिस ने तस्करी के लिए ले जाये जा रहे आठ पशुओं को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि कोलेबिरा-बरवाडीह पथ स्थित मरियम टोंगरी के समीप पशु तस्करों द्वारा आठ पशुओं को तस्करी के लिए रखा गया है। तस्करों द्वारा पशुओं को ले जाने के लिए एक पिकअप वैन मंगाया गया था। किंतु वह पिकअप कीचड़ में फंस गया। इस बीच ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। इसकी भनक तस्करों को लग गयी और तस्करों ने पिकअप वैन को किसी तरह कीचड़ से निकाला और पशुओं को वहीं पर छोड़ कर फरार हो गये। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर पशुओं को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आयी।

## दीपक मुंडा हत्याकांड के गवाह को अहले सुबह मारी गोली

**सरायकेला:** दीपक मुंडा हत्याकांड के गवाह सुभाष प्रमाणिक को अहले सुबह सालडीह बस्ती में अपराधियों ने गोली मार दी। गोली उसके कंधे में लगी है। लोगों ने उसे टीएमएच पहुंचाया गया है। वहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने सुभाष को तीन गोली मारी है। मंगलवार की सुबह सुभाष अपने घर के पास बने सामुदायिक भवन के पास टहल रहा था। इसी दौरान पैदल पहुंचे आधा दर्जन अपराधियों ने सुभाष पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोली सुभाष के कंधे में लगी है। घटनास्थल से पुलिस ने चार खोखा भी बरामद किया है। आदित्यपुर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि सुभाष दीपक मुंडा हत्याकांड का गवाह है। शायद इसी बात को लेकर दीपक मुंडा के हत्यारों ने उसे रास्ते से हटाने के लिए गोली मारी है। बता दें कि सोमवार की शाम में ही जिले के एसपी ने अपराध नियंत्रण के लिए आदित्यपुर थाना क्षेत्र को 8 बीट में बांटकर सभी क्षेत्रों के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति कर उन्हें सुरक्षा का जिम्मा सौंपा है और आज अहले सुबह हत्या के गवाह पर गोलीबारी कर दी है।

## बोकारो किडजी स्कूल बारी कोऑपरेटिव में मना जन्माष्टमी उत्सव



**बोकारो :** जिले के बारी कोऑपरेटिव स्थित किड्जी स्कूल में सोमवार को जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। बाल कृष्ण बने स्कूल के नन्हे-मुन्नों ने उत्सव में उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चे राधा-कृष्ण की पोशाक में झूमते-गाते नजर आए। श्री कृष्ण के बाल स्वरूप में बच्चों ने झूले का खूब आनंद लिया। वहीं, राधा बनी बच्चियों ने सभी को मोहित किया। स्टेज पर बच्चों ने रासलीला डांस प्रस्तुत किया। माखन चोर नंदकिशोर की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। प्रिंसिपल रंजना सिंह ने बच्चों के अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। आयोजन में पैरेंट रिलेशनशिप नमिता के साथ टीचर संगीता, उषा, आरजू, वंदना, सुगंधा, तुलसी, प्रीति, स्नेहा, अपर्णा सहित अन्य शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

## कोयलांचल में जन्माष्टमी की धूम, गोविंदपुर ठाकुरबाड़ी में झूलन उत्सव



**धनबाद :** कोयलांचल में सोमवार को जन्माष्टमी का त्योहार पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राधा-कृष्ण सहित सभी मंदिरों में विशेष पूजन-अनुष्ठान आयोजित किए गए। कई मंदिरों में झूलन उत्सव का आयोजन किया गया। गोविंदपुर के राम मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भजन-कीर्तन समेत कई अनुष्ठान हुए। अनुष्ठान में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में मंदिर समिति के सचिव उज्जवल मंडल सहित सदस्यों का अहम योगदान रहा। वहीं, गोविंदपुर बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी में झूलन उत्सव का आयोजन किया गया। कालाडीह शिव मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हरिकीर्तन की पूणार्हुति मंगलवार को होगी। नीलकंठ महादेव मंदिर आकाशगंगा कॉलोनी, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर गोसाईंडीह सहित विभिन्न मंदिरों में जन्माष्टमी पर कई कार्यक्रम हुए।

## सिदगोड़ा सूर्य मंदिर में जन्माष्टमी पर भव्य आयोजन, रघुवर दास हुए शामिल



**जमशेदपुर :** सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में सोमवार को बाल कलाकारों ने राधा-कृष्ण सजाओ व सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिसे मौजूद सभी लोगों ने सराहा। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री सह ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास शामिल हुए। उन्होंने सपरिवार बैठकर कार्यक्रम देखा। इस दौरान कृष्ण सजाओ व सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न क्षेत्रों के 20 ग्रुप के बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान विभिन्न डांस ग्रुप के प्रतिभागियों ने भक्ति एवं देशभक्ति गीतों पर बेहद मनोरंजक एवं मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान जज के रूप में सोनाली चटर्जी, गुरदीप सिंह कोटली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डांस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को सूर्य मंदिर समिति के द्वारा 11 हजार, 7 हजार और 5 हजार की नकद पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# भाजपा नेत्री मार्ग्रेट पिंकी ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

- क्षेत्र में सिर्फ वोट मांगने के लिए कांग्रेस विधायक की मौजूदगी दिखती
- भाजपा की सरकार बनते हीं जनता की समस्याओं का करेंगे निदान





**सिमडेगा :** भाजपा नेत्री मार्ग्रेट पिंकी ने कुरडेग, केरसई तथा कुल्लुकेरा ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर उनके समस्याओं को जाना। क्षेत्र के विकास की वस्तुझस्थिति से रूबरू हुईं। हाथी प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों की समस्या को सुन कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते हीं आपकी सारी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने आदिवासी महिलाओं को एकजुट होकर भाजपा सरकार बनाने में समर्थन करने की बात कही। हेमंत सरकार के राज्य में आदिवासी बहनझबेटी कतई सुरक्षित नहीं है। लोभ- लालच देकर केवल गद्दी पाने की मंशा हेमंत सोरेन के गठबंधन सरकार की है। क्षेत्र में विकास की धारा नगण्य है। कांग्रेस विधायक पर भी टिप्पणी करते हुए ग्रामीणों से कहा कि क्षेत्र में सिर्फ वोट मांगने के लिए कांग्रेस विधायक की मौजूदगी दिखती और ग्रामीण क्षेत्र में कोई ऐसा काम नहीं कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण जनता को राहत मिल सके। उन्होंने क्षेत्र की ग्रामीणों से रोजी-रोजगार, युवक- युवतियों के पलायन सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बारे में जाना। मार्गट पिंकी ने भाजपा सरकार आते हीं जनता की समस्याओं का निराकरण करने का भरोसा जताया।

### पूर्व सांसद गीता कोड़ा को भाजपा ने सौंपा महत्वपूर्ण दायित्व

## पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता बनीं गीता कोड़ा



**कोल्हान** की राजनीति में अपनी दमदार और सशक्त पकड़ तथा पहचान रखने वाली पूर्व सांसद गीता कोड़ा को झारखण्ड की राजनीति में पुनः महत्वपूर्ण पद और जवाबदेही सौंपी गयी है। पूर्व सांसद गीता कोड़ा को भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें प्रवक्ता बनाकर विधानसभा चुनाव के पूर्व उनकी राजनीतिक अनुभव का पार्टी पूर्णरूपेण सद्पयोग करना चाहती है। स्पष्ट और प्रखर प्रवक्ता के रूप में पहचाने जाने वाली श्रीमती कोड़ा पश्चिम सिंहभूम जिला के जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक, आयडा की अध्यक्ष एवं सिंहभूम संसदीय क्षेत्र से सांसद रह चुकी हैं अपनी सक्रिय राजनीति से कोल्हान के साथ-साथ पूरे राज्य में उनकी राजनीति को लोग काफी बेहतर और उत्कृष्ठ भी मानते हैं। वहीं श्रीमती कोड़ा को भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के पूर्व महत्वपूर्ण जवाबदेही देकर यह साफ कर दिया कि झारखण्ड की राजनीति में गीता कोड़ा काफी महत्वपूर्ण हैं और उनके राजनीति दक्षता को पार्टी बेहतर ढंग से विधानसभा चुनाव के पूर्व महत्वपूर्ण दायित्व सौंपकर उनका सम्मान करने के साथ-साथ उनके स्पष्ट और प्रखर सोंच को पार्टी के हित में जवाबदेही सौंपी है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का मामला आया सामने



**सिमडेगा :** कोलेबिरा में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म की घटना हुई। इसकी जानकारी मिलने के बाद जिला पुलिस ने 24 घंटे के अंदर दुष्कर्म में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से बाइक, मोबाइल समेत कई चीजें जब्त की हैं। कोलिबिरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। पुलिस ने 24 घंटे में आरोपियों को पकड़ा और कार्रवाई की है।

ये घटना 24 अगस्त की बताई जा रही है। जब नाबालिग पीड़िता अपनी बहन के साथ बाजार से शाम में अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान तीन लड़कों ने नाबालिग पीड़िता को मोटरसाइकिल में बैठाकर जबरदस्ती दूसरे जगह ले गए। जहां इनमें से एक लड़के द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद किसी तरह पीड़िता अपने घर पहुंची। जिसके बाद पीड़िता ने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। इसके बाद पीड़िता के बयान पर कोलेबिरा थाना में थाना कांड सं0-52/24, दिनांक-25।08।24, धारा-137 (2)/96/70 (2) बीएनएस एवं 4/6/8/10 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया।

घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एसडीपीओ पवन कुमार रात में ही क्षेत्र के लिए निकल पड़े। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर ही घटना में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि घटना में शामिल तीन आरोपी ग्राम-टांगरटोली, अघरमा, थाना-कोलेबिरा को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, पुलिस ने अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त हथियार और दो मोबाइल फोन, अभियुक्त के पास से पल्सर बाइक (घटना में प्रयुक्त) और एक मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। जबकि अभियुक्त के पास से एक मोबाइल जब्त किया गया है ।

## जनप्रतिनिधियों ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी एवं कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर**



**कोलेबिरा:** कोलेबिरा सेमरटोली में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया । विगत महीने से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही थी जिसके चलते यहां के ग्रामीण परेशान थे । कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी से संपर्क करने के बाद विधायक के प्रयास से ट्रांसफर बदलवाया गया। पिछले महीने विधायक के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र में 13 खराब ट्रांसफार्मर बदल गया। इस बार भी पूरे कोलेबिरा प्रखंड में विभिन्न पंचायत एवं गांवों में करीब 19 खराब ट्रांसफार्मर को चिन्हित कर बदलवाने के लिए विधायक ने सरकार से नये ट्रांसफार्मर की मांग की है । अविलंब खराब ट्रांसफार्मर बदला जाएगा । अखंड अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि ने बताया फिलहाल कोलेबिरा प्रखंड में करीब 19 ट्रांसफार्मर 25, 63 100, 200, खराब है इसको विधायक द्वारा सरकार से मांग की गई है जल्द से जल्द उसको लगाया जाएगा । साथ ही नये विद्युतीकरण के लिए नया टेंडर भी जारी हो चुका है संबंधित कंपनी को सरकार द्वारा विद्युतीकरण की सामग्री दी गई है । बरसात के बाद नया विद्युतीकरण भी किया जाएगा। सर्वे का काम भी किया जा चुका है। कोई भी गांव टोला ना छूटे यह हमारा प्रयास है विद्युत का लाभ सभी ग्रामीण हमारी सरकार ने 200 यूनिट बिजली का भी माफ कर दिया गया है ग्रामीण उसका फायदा उठाएं यह हमारा प्रयास है। मौके पर पं मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाडी, युवा अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग, डेविड कंडुलना, अजय डुंगडुंग, पियूष डुंगडुंग ,प्रवीन सोरेंग, फ्लोरेंशिया सोरेंग, बृजिनिया केरकेट्टा ,अजय सिंह, प्रिया देवी,बृजिट कंडुलना तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आदर्श मां थी संत मोनिका, इनसे लें प्रेरणा : आईरिन एक्का

**केरसई के नोनगढ़ा में धूमधाम से मना माताओं की संरक्षिका संत मोनिका का पर्व**



**केरसई:** केरसई के नोनगढ़ा में माताओं की संरक्षिका संत मोनिका का पर्व धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में झापा युवा नेत्री आईरिन एक्का उपस्थित थे। मौके पर टैंसेर पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर जेम्स लकड़ा की अगुवाई में मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। मौके पर आईरिन एक्का ने संत मोनिका को आदर्श मां बताते हुए कहा कि संत मोनिका का जीवन कठिन चुनौतियों से भरा हुआ था। फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। आदर्श जीवन व्यतीत करते हुए उन्होंने खीस्तीय जीवन को अपनाया। हमारी माताओं को भी संत मोनिका की तरह ही काम करना चाहिए। उन्होंने लोगों को गरीबों एवं दिन दुखियों की सेवा करने की अपील करते हुए कहा कि दिन दुखियों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा होती है। उन्होंने कहा कि लाचार एवं गरीबों में ईश्वर का वास होता है। ऐसे लोगों की मदद करने से मन को परम सुख, शांति की अनुभूति होती है। साथ ही घर में भी खुशहाली और समृद्धि बनी रहती है। सभी माताएं संत मोनिका के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों का पालन करें। आईरिन एक्का ने कहा कि समाज में महिलाओं को पुरा सम्मान मिलना चाहिए। लेकिन आज भी महिलाएं अपने हक और अधिकार से वंचित है। कई मामले में बहन बेटियों एवं माताओं का शोषण जारी है। इस पर अंकुश लगाने की जरुरत है। उन्होंने बच्चों को भी अपने माता-पिताओं की आज्ञा का पालन करने की अपील की। मौके पर फा जेम्स लकड़ा ने कहा कि संत मानिका माताओं की संरक्षिका है। उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरुरत है। कार्यक्रम में हीरामनी, प्रचार ललित सोरेंग, नेलशन केर-केट्टा, अनिल सोरेंग, सिलबिया केरकेट्टा, ललिता बाः, अनिमा बिलुंग, प्रभाकर तिर्की, संगम बेक, धीरज बेक, सौरभ बेक सहित काफी संख्या में मसीही धर्मावलंबी उपस्थित थे।